डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹73200 10 ग्राम

₹93000 01 किलो

सेंसेक्स 78,199.11 +234.12 | डॉलर 85.769 +0.015

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 08 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-85, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कमिंस, बुमराह, पैटरसन दिसंबर में...

## जराईकेला में आईईडी विस्फोट में बच्ची की मौत

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला थानांतर्गत ग्राम तिरिलपोसी स्थित राधाबेड़ा जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक प्रेशर आईईडी विस्फोट की चपेट में एक सात वर्षीय बच्ची (पिता सनिका गगराई) पता तिरिलपोसी थाना जराईकेला आ गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। एक अन्य महिला (पिता हरिचरण बोदरा) पता तिरिलपोसी थाना जराईकेला जिला पश्चिमी सिंहभूम मामूली रूप से जख्मी हो गई है। ये सियाल पत्ता तोड़ने जंगल की ओर गई थीं। घटना दिन के लगभग साढ़े नौ बजे की बताई जाती है। सूचना प्राप्त होते ही चाईबासा पुलिस एवं सीआरपीएफ 134 बटालियन ने समन्वय स्थापित करते हुए मृत बच्ची एवं घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घटना स्थल से निकाला। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनोहरपुर भेजा गया।

## रेल मंत्री ने किया भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लांच किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ सबका विकास' पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है, वह इस कैलेंडर में दिखाई पड़ता है।

### हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिश पर होगी डीजीपी की नियुक्ति

# कैबिनेट में डीजीपी और आईजी की नियुक्ति नियमावली को मिली मंजूरी

**▸ बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा**

**▸ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 9 प्रस्तावों पर मुहर**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की हुई बैठक में कुल नौ प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्य में पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बल के प्रमुख) के चयन के लिए नियुक्ति नियमावली, 2025 के गठन की मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट ने 24 फरवरी से 27 मार्च के बीच बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन के लिए नाम निर्देशन समिति का गठन हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस की अध्यक्षता में होगा। इस कमेटी में चीफ सेक्रेट्री, यूपीएससी द्वारा नामित मेंबर, जेपीएससी अध्यक्ष या उनके द्वारा नामित मेंबर, सेवानिवृत्त डीजीपी इस कमेटी के सदस्य होंगे। साथ ही, गृह विभाग के सचिव, प्रधान सचिव या अपर मुख्य सचिव कमेटी के सदस्य सचिव होंगे। यही कमेटी डीजीपी का चयन करेगी।



### इन नौ प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

- झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों का चिह्नितीकरण की स्वीकृति।
- महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) के चयन एवं नियुक्ति नियमावली, 2024 के गठन की स्वीकृति।
- षष्ठम झारखंड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत करने एवं तत्संबंधी औपबंधिक कार्यक्रम पर स्वीकृति।
- झारखंड में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए राज्य सरकार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्र सरकार के साथ किए जाने वाले एमओयू प्रारूप पर स्वीकृति।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी, गढ़वा के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति।
- झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन के आलोक में सदन प्रसाद (तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड) फिलहाल सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति देने की की स्वीकृति।
- झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति।
- प्री-बजट कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत रांची के संत जेवियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सीमा अखौरी एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने की मंजूरी।
- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए किए गए प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव पर घटनोत्तर स्वीकृति।

## मॉल से ग्राहकों ने 15 लाख के सामान की चोरी, सीसीटीवी फुटेज में हुआ खुलासा

**▸ मार्च 2024 से जनवरी 2025 तक हुए ऑडिट में परफ्यूम और ड्राई फ्रूट्स चोरी का मामला आया सामने**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शॉपिंग मॉल में ग्राहकों द्वारा 15 लाख रुपये के सामानों की चोरी का मामला सामने आया है। चोरी किए गए सामानों में परफ्यूम और ड्राई फ्रूट्स प्रमुख हैं। यह खुलासा तब हुआ जब मार्च 2024 से जनवरी 2025 तक मॉल में आए सामान का ऑडिट करवाया गया। ऑडिट के बाद मॉल के कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें ग्राहकों द्वारा चोरी किए जाने की घटनाएं रिकॉर्ड पाई गईं। इसके आधार पर मॉल प्रबंधन ने शहर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी के स्टोर इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि सीसीटीवी में चोरी की घटनाएं कैद हुई हैं, और फुटेज के आधार पर थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि फुटेज के साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## समीक्षात्मक बैठक में खाद्यान्न वितरण समस्याओं का समाधान, बिजका ग्राम की शिकायतों पर हुआ विचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची की प्रभारी अध्यक्ष- सह-सदस्य शबनम परवीन ने भंडरिया प्रखंड के बिजका ग्राम में प्राप्त राशन वितरण की शिकायत के समाधान के लिए स्थल भ्रमण किया। जून 2024 में आयोग को व्हाट्सएप के माध्यम से राशन न मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके निवारण के लिए आज स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी योजनाओं और लाभुकों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर चर्चा की गई। शबनम परवीन ने जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को 15 दिनों के भीतर शिकायतों का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही, उपायुक्त शेखर जमुआर ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए विशेष निर्देश दिए। बैठक में जिले में खाद्यान्न वितरण से संबंधित समस्याओं और आकस्मिक खाद्यान्न कोष की स्थिति पर भी चर्चा की गई।


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


### आज | कल




### केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# कोर्ट ने झारखंड पर कहा, निर्देश के बावजूद नहीं हुई रिक्त पदों पर नियुक्ति

**▸ बड़ी विपक्षी पार्टी नियुक्ति के लिए निर्वाचित सदस्यों में से एक को चयन समिति में करे नामित**

**- ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोगों में लंबे समय से रिक्तियों को नहीं भरे जाने पर नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल भरने का निर्देश दिया। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन के लिए कहते हुए जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने केंद्र से कहा, इन पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा संस्थान होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले लोग ही नहीं हैं?

शीर्ष अदालत ने इस मामले में झारखंड पर गंभीर टिप्पणी की, जिसने विधानसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होने के आधार पर उसके बार-बार निर्देश के बावजूद सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की। पीठ ने कहा कि झारखंड एसआईसी में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जून, 2024 में जारी किया गया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। पीठ ने झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को निर्देश दिया कि वह सूचना आयुक्तों को चुनने के सीमित उद्देश्य के लिए अपने निर्वाचित सदस्यों में से एक को चयन समिति में नामित करे और उसके बाद नियुक्तियां शुरू हो सकती हैं। पीठ ने अन्य राज्यों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने आयोगों में रिक्तियों के अलावा चयन समिति की संरचना, उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट करने के मानदंड और साक्षात्कार और नियुक्तियों के लिए समय सीमा के अलावा आवेदकों की सूची एक सप्ताह के भीतर अधिसूचित करें। पीठ ने राज्यों के मुख्य सचिवों को रिक्तियों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया और नियुक्तियों पर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, जिन राज्यों में नियुक्तियां की गई हैं, वे आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची, खोज समिति की संरचना, शॉर्ट लिस्टिंग के लिए अपनाए गए मानदंड और नियुक्ति अधिसूचनाओं के बारे में अनुपालन हलफनामा प्रस्तुत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने सीआईसी व एसआईसी में केवल एक विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों के लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग काम करते हैं। केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाए और कई क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जाए। हम इस पर और कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने की दिल्ली चुनाव की घोषणा

# 5 फरवरी को मतदान, 8 को मतगणना



**● उप्र की मिल्कीपुर, तमिलनाडु की इरोड सीट पर उपचुनाव की भी घोषणा**

**● जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा में उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। दिल्ली में चुनाव एक ही चरण में होगा, जिसके तहत 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। इन दोनों सीटों पर मतदान और मतगणना दिल्ली चुनाव के साथ ही होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में बर्फीले मौसम के कारण उपचुनाव बाद में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों के साथ मंगलवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनावों का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 10 जनवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी होगी। नामांकन की जांच की तिथि 18 जनवरी रहेगी। 20 जनवरी तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकेगी। 05 फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 08 फरवरी को होगी। उन्होंने तकनीकी पक्ष की चर्चा करते हुए कहा कि 10 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हो जानी चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1261 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

## आप ने 70, भाजपा ने 29 और कांग्रेस ने 47 प्रत्याशियों की घोषणा की है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा चुनाव की घोषणा हो गई । पांच फरवरी को मतदान है, 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) चुनाव तारीखों की घोषणा से पहले ही दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। भाजपा अब तक 29 व कांग्रेस 47 उम्मीदवारों की घोषणा की है। कई ऐसी सीटों पर मुकाबला कांटे का है। जहां तक दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी आप का सवाल है, तो इसका सबसे बड़ा चेहरा खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल हैं। तीन बार - 2013, 2015 व 2020 में आप की जीत के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। इस चुनाव से पहले उनको केंद्र सरकार ने ईडी व सीबीआई के मार्फत शराब घोटाले में जेल भेजा। जेल से वापस आने के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आतिशी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री आतिशी भी इस चुनाव प्रचार में पार्टी के लिए बड़ा चेहरा हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह व पंजाब के मुख्यमंत्री मान पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, तो पीएम मोदी सबसे बड़े प्रचारक हैं। उन्होंने चुनाव घोषणा के पहले कई योजनाओं की घोषणा करते हुए पूरा जोर लगा दिया है। आगे वह दिल्ली में कई रैलियां करने वाले हैं। गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्थानीय नेताओं में प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी से लेकर बांसुरी स्वराज तक अपने-अपने इलाके में पार्टी की जीत के लिए हर उपक्रम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी सीट से उतारा है।

### इंडिया

# भारत पश्चिमी नजरिया बनाम डिजिटल भारत और भ्रम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब सोने की चिड़िया भारत खोजने वालों ने वेस्ट इंडीज खोज दिया और कुछ ने भारत को खोजा ही नहीं मनमाने ढंग से लूटा, बर्बाद किया और लूट कर ले भी जाते रहे। भारत का उपनिवेश की तरह दोहन करने से इसकी सभ्यता संस्कृति भ्रष्ट हो गई और इसकी पहचान पश्चिमी देशों ने भिखमंगो और संपेरों वाली बताई क्योंकि लगभग दो हजार साल की गुलामी से इसके मजबूर टूटे हुए लोगों ने सड़कों पर यही सार्वजनिक पहचान बनाई थी। आज का भारत डिजिटल और सोशल मीडिया के युग में स्वार्थी तत्वों की फैलाई अश्लील,असभ्य और झूठी या अतिरंजित घृणा फैलाने वाली कहानियों से भरा है जिसके माध्यम से कुछ लोग भारत विरोधी राजनीतिक आख्यान स्थापित करना चाहते हैं, ये सामग्री इतने शातिराना तरीके और ऐसी विकसित की जा रही है जिसे देखकर देश के लोगों में आत्मविश्वास नहीं बल्कि हिन भावना और भ्रम बढ़ता जा रहा है।यह सब भारी सांस्कृतिक लहजे से बताया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व का यही संकट भारत को भी झेलना पड़ रहा है। चाहे वह वर्तमान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना हो या असहमति का अति-नाटकीयकरण, जो भारत की अंदरूनी समस्याओं को विवाद में बदल देता है। यह संकट आंशिक रूप से हमारी नई-नई उत्सुकता के कारण है कि हम खुद को अपनी कहानी का एकमात्र प्रामाणिक किस्सागो मानते हैं। इतने लंबे समय तक भारत दूसरों की धारणाओं के बोझ तले दबा रहा, जिनकी नजर एक पूर्व उपनिवेश की दुर्दशा पर ही रहती थी, जो अपनी स्वतंत्रता का ठीक ढंग से इस्तेमाल नहीं कर सका। अगर यह हिंदुस्तान की सांस्कृतिक सनक थी, चीन से परे का आश्चर्य था, जिसने पूर्व से आने वाले यात्रियों के पन्नों को जीवंत कर दिया था, तो यह स्वतंत्रता का अंतिम ह्रास कहा जाएगा, जिसने कैथरीन मेयो (अमेरिकी उपन्यासकार, मदर इंडिया की लेखिका, जिन्होंने भारत को दरिद्रता का घर कहा था) जैसी दुःखी आत्माओं को आकर्षित किया। अवमानना और हीनता ने भारत के मायो संस्करण को, जिसे पढ़ने वाले भी बहुत थे, एक ऐसा संस्करण बना दिया, जिसमें कहानीकार ने सांस्कृतिक रूप से अपनी समझ से परे की बातों को पूरी तरह से नकार दिया। बाद में जो हुआ, वह अलग था। जिसने नायपॉल और रश्दी के भारत को अलग कर दिया। एन एरिया ऑफ डार्कनेस, साठ के दशक में अंग्रेजीभाषी दुनिया के लिए भारत के एक शक्तिशाली परिचय के रूप में सामने आई, लेकिन यह भी एक क्रूर वास्तविकता के दर्द को कम नही कर सकती थी। नायपॉल के लिए यह एक बहस की शुरूआत थी। मिडनाइट्स चिल्ड्रेन में सलीम सिनाई की पहली चीख ने न केवल एक बिल्कुल नई साहित्यिक संवेदनशीलता के आगमन की, बल्कि इतिहास के जुनून और विकृतियों की ओर झुकते भारत की घोषणा भी की। नायपॉल और रश्दी का भारत इस बात का अंतरंग चित्रण था कि इतिहास ने उसे किस चीज से वंचित कर दिया था। फिर वहां अंतरात्मा का रक्षक है, जो प्रगतिशील पाठकों के लिए दयनीय भारत के बारे में लिखता है। उनकी नजर में भारत न्यायविहीन भूमि है, भय का नया गणराज्य है, जहां लोकतंत्र की असहिष्णु प्रवृत्तियां चरम पर हैं। इस भारत को 2014 के आम चुनाव के बाद बढ़त मिली, जब नेहरूवादी भारत की महिमामंडित निश्चितताएं उजागर हुईं। असहमत वर्ग ने स्वतंत्रता के बाद भारत के जीवन में आए सबसे बड़े सांस्कृतिक बदलाव को कुछ छवियों तक सीमित कर दिया। वे वर्जित समाजवादी धर्मनिरपेक्ष राज्य से उबर रहे भारत के साथ बहस करने में कम से कम रुचि रखते थे; वे हिंदू राष्ट्रवादी को देखकर इतने भयभीत हो गए कि उन्होंने इसकी वजह भी नहीं पूछी। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। इसकी निंदा की। वे अब भी ऐसा ही कर रहे हैं। अतीत के आचार-विचार को चुनौती देने वाला भारत इतना बड़ा आख्यान है कि इसे अस्वीकारकर्ताओं और जय-जयकार करने वालों, दोनों के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। राष्ट्र ने लोकतंत्र की स्वीकृत के बाद यहां वापसी की है। इसे गलत लोकप्रिय आवेग के रूप में पढ़ना लोकतंत्र की इच्छा को कमतर आंकना है। जब हम यह सुनते हैं कि 'हम पश्चिम के लिए नहीं लिख रहे हैं', तो हम वहां सांस्कृतिक संरक्षणवाद की जानी-पहचानी आवाज को अनदेखा नहीं कर सकते। अंतरराष्ट्रीय किताबों की अलमारियों में भारत की अनुपस्थिति शायद हमें हमारी कहानी कहने की सीमाओं के बारे में बताती है। जब भारत जैसा विशाल और धैर्यवान लोकतंत्र अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है, धार्मिक अतीत के लागू किए गए वादों को त्यागता है तथा अपने प्राचीनतम संबंधों को पुनः प्राप्त करने वाले राष्ट्र के सांस्कृतिक दृष्टिकोण को अपनाता है, तो इसकी कहानी को व्यापक लोगों तक पहुंचाना आवश्यक हो जाता है। सांस्कृतिक बदलाव की व्यापकता को समझने के लिए बौद्धिक और रचनात्मक इच्छाशक्ति तथा संसाधनशीलता की आवश्यकता है, अन्यथा ऐसा न हो कि भारत अभी तक पूरी तरह से बताई न जाने वाली सबसे बड़ी कहानी बनकर रह जाए।



## कड़िया मुंडा की तबीयत खराब रांची के मेडिका में चल रहा इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत खराब है और इस कारण उन्हें रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यहां उनका इलाज चल रहा है। भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। रक्षा राज्य मंत्री लगातार मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर के संपर्क में हैं और कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों से समुचित इलाज करने को कहा है।

## एक नजर

### तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन

**नावा बाजार।** पलामू जिला कृषि विभाग के द्वारा नावाबाजार प्रखंड के रबदा व खमडीहा गांव में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। जहां किसानों को सब्जी व फलों के उत्पादन संबंधित जानकारी दी गई। किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से सब्जी व फलों की खेती करने पर बल दिया गया। बतौर प्रशिक्षक कमलेश कुमार, आकाश रंजन, अंशुमान सिंह व एटीएम सुनैना कुमारी ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से कृषि कार्य यानी खेती करने पर बल दिया। उन्होंने ने कहा कि आज कम समय व कम जगह में अधिक उत्पादन किया जा सकता है। फसल को खेतों में लगाने के पूर्व मिट्टी की जांच करना आवश्यक है। उससे मिट्टी में पाए जाने वाले तत्व की अनुपलब्धता की जानकारी मिलेगी। लगाए गए फसल के अनुसार उसमें जरुरत के अनुकूल पोषक तत्व को डाला जा सकता है। इसके साथ हीं सब्जी, फल व अन्य फसलों में लगने वाले कीट व उससे बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। इतना ही नहीं पर्यवेक्षक के द्वारा किसानों के साथ खेतों में लगे सब्जी व फल का भ्रमण कर समुचित जानकारी दी। बतौर पर्यवेक्षक सहायक तकनीकी प्रबंधक सुनैना कुमारी व एफपीओ सुरेंद्र पाल मौजूद थे।

### घरों के उपर से झुलता बिजली का तार बना खतरा

**छतरपुर।** नगर पंचायत अंतर्गत करमा कला एनएच 98 किनारे स्थित गांव के निवासियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यहां 11 हजार वोल्ट के बिजली का तार अधिकतर घरों के उपर से गुजर रहे हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय निवासी इस गंभीर समस्या को लेकर लंबे समय से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया है। इससे उनकी चिंताएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। मजबूरी में उन्होंने अपने घरों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया है, क्योंकि बिजली के इन खतरनाक तारों के कारण वह अपने घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

# एसडीओ ने स्टोन व डस्ट लदे ओवरलोड तीन हाइवा किया जब्त

## सीओ ने हाइवा को थाना के हवाले किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य पथ के कुमीर्पुर गांव के समीप से हुसैनाबाद एसडीओ कृष्ण कांत कनवाड़िया ने ओवरलोड वाहनों की जांच की। सोहया पहाड़ से स्टोन डस्ट लेकर जा रहे हाइवा की जांच की। जांच के दौरान तीनों हाइवा को ओवरलोड पाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने तत्काल अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार को इसकी सूचना दी। इसके बाद सीओ ने सभी तीन ओवरलोड हाइवा को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। अंचल पदाधिकारी ने तीनों हाइवा को हुसैनाबाद थाना में पार्क कर जिला परिवहन कार्यालय को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए सूचना दे दिया है। सीओ ने बताया कि न चालक का ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही कोई कागजात ही था।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभुक को मिला दो लाख का चेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत साल में महज 436 रुपए जमा करने वाली जरीना खातून की मृत्यु उपरांत नामित उनके पुत्र इरफान खान को भारतीय स्टेट बैंक की हैदरनगर शाखा ने दो लाख रुपए का चेक शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने एक सादे समारोह में दिया। उन्होंने बताया कि हैदरनगर के चौकड़ी निवासी महिला जरीना खातून ने भारतीय स्टेट बैंक के जनधन खाता के साथ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ी थी। उनका प्रत्येक वर्ष मात्र 436 रुपया खाते से कटता था। प्रथम वर्ष की राशि का भुगतान उन्होंने किया था। उनकी मृत्यु के बाद मृतका के नामित पुत्र इरफान खान को आमंत्रित कर बीमा राशि के दो लाख रुपए का चेक दिया गया। नामित इरफान खान ने बताया कि बैंक की यह योजना कम आमदनी वाले सभी लोगों को जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस राशि से वह बहुत जरूरी कार्य कर पाएंगे। मौके पर फील्ड ऑफिसर प्रशांत कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के सभी खाता धारकों के लिए बीमा योजना से जुड़ने का अवसर है। उन्होंने सभी खाता धारकों को बीमा से जुड़ने की सलाह दी। मौके पर अभिषेक कुमार, सुमिर कुमार, राकिब हुसैन, गीता देवी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## एसडीओ, चिकित्सा प्रभारी व मुखिया ने संयुक्त रूप से किया महुदंड स्वास्थ्य उप केन्द्र का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड पंचायत सचिवालय के उपरी तले पर स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ कृष्ण कांत कनवाड़िया,चिकित्सा प्रभारी विनेश कुमार व पंचायत की मुखिया मिना देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि महुदंड पंचायत हुसैनाबाद का सुदूरवर्ती इलाका है। इस स्वास्थ्य सुविधा का बहाल होने से पंचायत वासियों को सहूलियत होगी। मरीजो को ससमय इलाज की जाएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्वास्थ्य उप केंद्र का भवन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल की जाएगी। स्वास्थ्य प्रभारी ने कहा कि सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को नियमित रूप से चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। पंचायत की मुखिया मीना देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त दोनों समस्याओं को लेकर एसडीओ से मिला था। एसडीओ ने पंचायत वासियों की सुविधा के लिए जो पहल की है पंचायत वासी हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। मौके पर बीपीएम विभूति गुप्ता, पंचायत समिति रमेश पासवान,उप मुखिया रामबली यादव, दिनेश्वर ठाकुर, हरी यादव, उदय यादव, कृष्णा पासवान, विनोद यादव, उपेन्द्र यादव, मो. इरफान कादरी ,अनवर कादरी, मो.शाबरी कादरी, स्वयं सेवक उपेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, सनोज पासवान समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने प्रखंड कार्यालय में की बैठक विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता दूसरी बार विधायक बनने के बाद मंगलवार दोपहर पांकी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचने पर विधायक का स्वागत प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह और अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ने फूल-मालाओं और पुष्पगुच्छ से किया। बैठक के दौरान विधायक ने सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कर्मियों को अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाने की सलाह देते हुए कहा कि कार्यालय में दलालों और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि मनरेगा, जमीन संबंधित योजनाएं, पेंशन और जन वितरण प्रणाली में अनियमितताओं की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल सुधार के निर्देश दिए ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके और जनता को अनावश्यक कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विधायक को आश्वासन दिया कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन हर हाल में किया जाएगा और विकास योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल और स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित की गई। साथ ही, जेएसएलपीएस महिला समूह के सदस्यों को चेक का वितरण भी विधायक द्वारा किया गया। इसके बाद विधायक ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बने जिम सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यालय के अन्य कर्मचारी और सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पुत्रदा एकादशी व्रत करने से मिलता है अद्भुत लाभ : पंडित कुंडल तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** 10 जनवरी दिन शुक्रवार पौष मास शुक्ल पक्ष की एकादशी व्रत को पुत्रदा एकादशी व्रत है, जिसे बैकुंठ एकादशी भी कहते हैं। ज्योतिष जिज्ञासु पंडित कुंडल तिवारी के अनुसार सनातन धर्मावलंबियों के लिये विष्णु भगवान माता लक्ष्मी की पूजन काफी ही विशेष मानी जाती है। मान्यता है कि संतान प्राप्ति के लिये यह व्रत किया जाता है। साथ ही व्यक्ति की मृत्यु उपरांत बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि इस व्रत की पुण्य प्रताप से ही राजा महिष्मती को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। प्रथम व्रत पौष मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी जबकि दूसरा व्रत श्रावण मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को किया जाता है। इस व्रत को करने से व्रती को कई तरह के अद्भुत लाभ मिलते है। पुत्रदा एकादशी व्रत करने वाले व्रती को प्रथम ब्रह्म मुहूर्त मे उठकर नित्यकर्म से निवृत्त होकर व्रत संकल्प लेना चाहिए। पूजन के समय भगवान विष्णु माता लक्ष्मी का स्नान पंचामृत, दूध, दही, शुद्ध गाय की घी, शक्कर, गंगा जल आदि से कराकर पीली चन्दन, वस्त्र, जनेऊ, फल, फूल, मिष्ठान का भोग लगाकर, धूप, दीप अर्पण कर आरती के साथ अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना करना चाहिए। इस व्रत में उपवास रखनें में कठिनाई हो तो दूध, दही, फल आदि का सेवन पूजन के पश्चात किया जा सकता है। दान अपनी सामर्थ्य के अनुसार करना चाहिए। तुलसी का पौधा, शम्मी, केले का पौधे का दान बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। साथ ही अन्न, वस्त्र, मिष्ठान, दक्षिणा सात्विक ब्राह्मण को करने से श्रद्धालुओं की भलाई होती है।

# अंहरहुआं पहाड़: प्राचीन सभ्यता के प्रमाण मिलने का दावा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूरब दिशा की पहाड़ी श्रृंखला में स्थित अंहरहुआं पहाड़ पर प्राचीन सभ्यता के सबूत मिलने का दावा किया गया है। स्थानीय इतिहासकार अंगद किशोर और एसएस मेमोरियल कॉलेज, रांची के इतिहास के सहायक प्रोफेसर अभिषेक कुमार गुप्ता ने इस पहाड़ का सर्वेक्षण कर एक दशक पहले इसके ऐतिहासिक महत्व का खुलासा किया था। इसके बावजूद अब तक इसे संरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

### धमधमवा पहाड़ की विशेषता

खोज के दौरान अंगद किशोर को धमधमवा पहाड़ के बारे में चरवाहों ने जानकारी दी। यह पहाड़ अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता है, क्योंकि उस पर चलने से ₹धमधमर₹ की आवाज आती है। इससे अंदाजा लगाया गया कि पहाड़ के नीचे खाली जगह हो सकती है।

### मेगालिथ का प्रमाण

प्रो. अभिषेक कुमार गुप्ता का कहना है कि अंहरहुआं पहाड़ पर मेगालिथ (वृहद पाषाण समाधि) के प्रमाण मिले हैं। प्राचीन काल में शवों को दफनाने के बाद उनके ऊपर गोल पत्थर रखे जाते थे, जिन्हें 'फणशीला समाधि' कहा जाता है। यह राज्य की प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। विशेषज्ञों ने अंहरहुआं और अन्य ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि राज्य की प्राचीन धरोहरों को सहेजा जा सके।

### नगरीय सभ्यता के साक्ष्य

इतिहासकार अंगद किशोर के अनुसार, हजारों साल पुरानी नगरीय सभ्यता के अवशेष इस पहाड़ पर मिले हैं। इनमें मिट्टी के मोटे खपड़ों के टुकड़े, लाल मृतभांड, चाक से बने बर्तन, क्वार्ट्ज पत्थर के औजार, चकमक पत्थर और सिलबट्टे जैसे प्रमाण शामिल हैं। हाल में यहां से हजारवीं शताब्दी के सिक्के मिलने की चर्चा भी है। स्थानीय लोग इस पहाड़ को 'नगरुआ पहाड़' के नाम से जानते हैं।

# शराब दुकानों में ठेकेदारों की मनमानी एमआरपी से अधिक मूल्य की वसूली




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** संपूर्ण हुसैनाबाद अनुमंडलीय क्षेत्र के देशी और विदेशी शराब दुकानों पर ठेकेदारों की मनमानी और कब्जा से ग्राहक परेशान हैं। इन दुकानों पर खुलेआम एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री जा रही है। इसका विरोध करने पर दुकान में कार्यरत कर्मी ग्राहक से उलझ जाते हैं। भाजपा नेता व 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह के अलावा संजय सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सरयू प्रसाद गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि इनकी मनमानी से ग्राहकों की जेब कट रही है। उन्होंने मूल्य नियंत्रण और ठेकेदारों, दुकान संचालकों पर नकेल कसने के लिए कई बार जिला प्रशासन, विभागीय अधिकारी को पत्राचार किया, पर कोई कार्रवाई नहीं होने से इनकी भी मिलीभगत उजागर होता है। जब भी इस संबध में शोर मचता है तो विभागीय अधिकारी दिखावा के जांच कर कागजी खानापूर्ति कर मौन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब कुछ दिन पहले राज्य में शराब दुकानों का भौतिक सत्यापन कराया गया तो यह मामला सामने आया है। एक आंकड़े के अनुसार पूरे राज्य में हर दिन औसतन 10 करोड़ की शराब बिकती है। एमआरपी से करीब पांच प्रतिशत भी न्यूनतम अधिक कीमत पर शराब की बिक्री से पूरे राज्य में करीब 50 लाख रुपये की अवैध कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में तो सबसे अधिक शराब ठेकों से अवैध पैसा वसूला जाता है। यहां सभी शराब दुकानों में बीयर पर 10 रुपये, विदेशी शराब के क्वार्टर बोतल पर 10, हाफ पर 20 व फुल पर 40 रुपये की अवैध वसूली हो रही है। सब कुछ डंके की चोट पर होने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी के प्रति कई सवाल ग्राहक करते है। ग्राहक को शराब की बिल कहीं नहीं मिलता। किसी भी दुकान पर शराब की एमआरपी और भंडारण की बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। जिससे चलते कई ग्राहक को बकझक का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर जिला के दुकानों पर ग्राहक और शराब दुकानदारों के बीच गोलीबारी तक की घटना भी घट चुकी है। प्रशासन की मिलीभगत से ही खुलेआम बिहार के विभिन्न स्थानों पर शराब का निर्यात भी कराया जाता है। इससे विधि व्यवस्था भंग होने की आए दिन संभावना बनी रहती है।

## अंचल कार्यालय से नहीं किया जा रहा एलपीसी निर्गत

**नावाबाजार।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना भारतमाला के तहत एचएच 39 भोगू से शंखा तक फोर लेन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसे लेकर सड़क के दोनों ओर रैयतों की जमीन अधिग्रहण की गई है। इतना ही नहीं सड़क किनारे अवस्थित घर को भी अधिग्रहण के क्रम में उचित मुआवजा के साथ हटाया जाना है। इसे लेकर कंपनी व भू-अर्जन द्वारा अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। साथ ही अधिक ग्रहण के क्रम में आने वाले मकान की उचित मुआवजा को लेकर एस्टीमेट आदि तैयार कर घर मालिक को नोटिस निर्गत कर दिया गया है। साथ ही एक निर्धारित अवधि के अंदरअंचलाधिकारी द्वारा निर्गत एलपीसी भू-अर्जन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। इससे उन्हें मुआवजे की भुगतान कर सड़क निर्माण कार्य कराया जा सके। अंचल कार्यालय द्वारा जमीन को विवादित बताते हुए एलपीसी निर्गत नहीं किया जा रहा। भू-स्वामी नावाबाजार प्रखंड के अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी व अंचल कर्मियों की लापरवाही का शिकार हो रहे हैं। नावाबाजार अंचल कार्यालय के द्वारा जमीन को विवादित ठहराते हुए मुआवजा भुगतान को लेकर एलपीसी निर्गत नहीं किए जाने को लेकर वंचित लोग पलामू उपायुक्त सहित भू-अर्जन पदाधिकारी व एनएचएआई के प्रोजेक्ट निदेशक को आवेदन देकर एलपीसी निर्गत कराने का मांग किया है। साथ ही इस संबंध में आवेदन भी दिया है।

# कम दृश्यता व कोहरे से जनजीवन प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** इन दिनों अत्याधिक कम दृश्यता वाले कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया गया। दोपहर बाद धूप तो निकलती है, मगर बादलों और धुंध के की आंख मिचौली के बीच सर्द हवाओं से कनकनी बनी रहती है। ऐसे में पाला के प्रभाव से रबी फसलों के भारी नुकसान की संभावना किसानों ने जताई है। ऐसी विकट स्थिति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बताया गया कि पहली जनवरी से मौसम के इस उतार-चढ़ाव के बीच बुजुर्गों, बच्चों और बीमारों को लेकर विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। गर्म कपड़ों और ओढ़ना के वगैर घरों से बाहर निकलना जोखिम भरा बन गया है। पूरे दिन रुम हीटर, अलाव और अंगीठी की जरूरत बढ़ गई है। मवेशियों की देखभाल भी पशुपालकों की परेशानी का सबब बन गया है।

### रेल सड़क और बाजार की रफ्तार पड़ी धीमी

कम दृश्यता के घने कोहरे की वजह से रेल व सड़क के साथ ही बाजारों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। रेलवे पर फॉग सिग्नल के सहारे सीमित गति में ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। मगर सड़कों पर इसकी व्यस्था नहीं होने की वजह से थोड़ी सी असावधानी दुर्घटना का कारण बताया जाता है। वहीं बाजारों में लोग विशेष जरूरत पर ही पहुंच रहे हैं। इससे कारोबार पर मंदी की मार से व्यापार प्रभावित हो गया है। बताया जाता है कि किसी किसी दुकानदार की तो बोहनी भी नहीं हो पाती है। इतनी अधिक ठंड के बावजूद रेल व स्थानीय प्रशासन के स्तर से स्टेशन व चौक-चौराहों पर अलाव की व्यस्था नजर नहीं आती है, जो राहगीरों व मुसाफिरों के लिए जोखिम उठाने का कारण बन गई है।

**प्रतिभा**

## नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट: फाइनल मुकाबला में लातेहार ने मांडर को हराकर कप पर जमाया कब्जा

# खेल में रोजगार की असीम संभावनाएं: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाईचारा एकता कमेटी पथरा पंचायत के तत्वावधान में मंगलवार को नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लातेहार बनाम मांडर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबला में लातेहार की टीम ने मांडर की टीम को पेनाल्टी शूट में एक गोल से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबला का शुभारंभ विधायक संजय कुमार सिंह यादव,जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, सद्भावना के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,नपं के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, बरवाडीह की जिप सदस्य शशि शेखर, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, कमेटी के अध्यक्ष जाकिर अली उर्फ राज अली ने गेंद को कीक मारकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि भाईचारा एकता कमेटी द्वारा नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल संचालन बीते वर्षों से अनवरत जारी है। इसके लिए कमेटी के लोग बधाई के पात्र हैं। इस तरह के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। खेल के दौरान अनुशासन को बरकरार रखने की जरूरत है। खेल में असीम संभावनाएं हैं। रोजगार के साथ क्षेत्र व समाज का नाम रौशन करने की जरूरत है। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत लगा रहता है। खेल को खेल भावना से खेलने की जरूरत है। आपसी एकता को मजबूती देने में सबकी सहभागिता जरूरी है। इस कार्यक्रम का संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। मौके पर राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव, मुन्ना कुमार देव,अशोक यादव, कलामुद्दीन खान, अजय गुप्ता, पंसस कलावती देवी, कमेटी के संयोजक असलम अंसारी, मिथिलेश सिंह, बिहारी पासवान, उप संरक्षक रंजय सिंह, सचिव अभय कुमार सिंहा, उप सचिव राम प्रवेश सिंह, उपाध्यक्ष जयराम सिंह, अरबिंद कुमार सिंहा, मो हेसाम, आदि मौजूद थे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र नवजीव अस्पताल तुंबागड़ा में बीती रात गोंदा थाना मेराल निवासी विनोद यादव के 19 वर्षीय पुत्र रितेश यादव की जहर खाने से मौत हो गई। मंगलवार को सतबरवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर एमएमसीएच में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया। सतबरवा थाना के एसआई विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि मृतक का पिता विनोद यादव ने आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि उनके पुत्र की मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। इस कारण सोमवार को सल्फास खा लिया। आनन फानन में तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एचएमपीवी वायरस को लेकर पलामू में एडवाइजरी जारी, बच्चों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वालों पर अधिक खतरा

**संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, सैनिटाइजर और सावधानियों पर जोर, जागरूकता अभियान चलाएगा स्वास्थ्य विभाग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में एचएमपीवी वायरस को लेकर सिविल सर्जन अनिल सिंह ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि देश में दिसंबर 2024 में 741 लोगों की जांच की गई, जिसमें नौ लोग पॉजिटिव पाए गए थे। ये मरीज उड़ीसा, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पांडिचेरी से थे, जिन्हें ठीक किया जा चुका है। वहीं, कर्नाटक में दो बच्चे संक्रमित हुए, जिनमें से एक पूरी तरह रिकवर कर चुका है और दूसरा रिकवरी पर है।

सिविल सर्जन ने कहा कि यह वायरस कोविड-19 के समान है और चीन के कुछ हिस्सों में रेस्पिरेटरी सिम्पटम्स वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। एचएमपीवी एक रेस्पिरेटरी वायरस है, जिसे पहली बार 2001 में नीदरलैंड में पहचाना गया। इसके लक्षण जैसे कफ, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सिरदर्द आमतौर पर 3-5 दिनों में ठीक हो जाते हैं। हालांकि, इससे बचाव के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन या विशेष एंटी-वायरल उपचार उपलब्ध नहीं है।

**बचाव के उपाय**

- मास्क का उपयोग करें।
- गर्म पानी पिएं।
- छींकने के समय रुमाल का इस्तेमाल करें।
- हाथ धोने और सेनेटाइजर का उपयोग करें।

**लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें : सीएस**

*डॉ. अनिल सिंह ने बताया कि संक्रमण का खतरा खासकर 14 साल से कम उम्र के बच्चों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में ज्यादा है। जिले में मकर संक्रांति, सरस्वती पूजा और होली के दौरान अन्य राज्यों से लौटने वाले लोगों के कारण संक्रमण फैलने की संभावना है। इसे देखते हुए जिले के स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी और प्रार्थना के दौरान बच्चों को जागरूक किया जाएगा। डॉ. सिंह ने ठंड से बचने के लिए गर्म पेय पदार्थों का सेवन करने, घर से कम बाहर निकलने और कई परतों में कपड़े पहनने की सलाह दी। उन्होंने बंद कमरे में हीटर के उपयोग से बचने की भी चेतावनी दी, क्योंकि यह हवा की नमी को खत्म कर सकता है और स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को घबराने की जगह सावधानी बरतने की अपील की गई है।*

# स्वर्णकार समाज को अत्यंत पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग



**- स्वर्ण आभूषण निर्माण को मिले 'कला उद्योग' का दर्जा : स्वर्णकार संघ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वर्णकार समाज को अत्यंत पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ ने की है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपकर इस विषय पर कदम उठाने का अनुरोध किया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि स्वर्ण आभूषण निर्माण को ₹कला उद्योग₹ का दर्जा दिया जाए। साथ ही, आभूषण निर्माण से जुड़े स्वर्णकारों को सब्सिडी और ऋण जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अन्य प्रदेशों की तर्ज पर झारखंड में भी स्वर्ण कला बोर्ड का गठन होना चाहिए, ताकि स्वर्णकार समाज को अपने हितों की बात रखने के लिए उचित मंच मिल सके। संघ ने बताया कि झारखंड में लगभग 15 लाख स्वर्णकार निवास करते हैं, जिनमें से अधिकांश गरीबी का जीवन जी रहे हैं। इन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए, इन्हें एनेक्सचर-वन में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वे भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

प्रतिनिधिमंडल में अरविंद ठाकुर, महेश सोनी, बैजू सोनी, अखिलेश सोनी, पायल सोनी और विनोद कुमार वर्मा शामिल थे।

## चैनपुर डबल मर्डरः विकास तिवारी गिरोह पर केस दर्ज

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाने में रविवार रात हुए डबल मर्डर के मामले में कुख्यात विकास तिवारी और उसके गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतक भरत पांडेय के पिता प्रदीप पांडेय के आवेदन पर की। पुलिस के अनुसार, मृतक रामगढ़ के पतरातू निवासी थे और कोयलांचल में आपराधिक गिरोह का संचालन करते थे। गैंगवार में गरदा के अंशु सिंह के पैर और महावीर उर्फ बबलू सिंह के बांह में गोली लगी है। दोनों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। भरत पांडेय वर्ष 2022 में भुरकुंडा में अमित बख्शी की हत्या कर चर्चा में आया था। जानकारी के मुताबिक, यह हत्या उसके चाचा अशोक पांडेय की हत्या का बदला लेने के लिए की गई थी। घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इस टीम का नेतृत्व सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद कर रहे हैं। टीम में सदर और शहर अंचल के इंस्पेक्टर समेत सतबरवा, रामगढ़, सदर, मनातू और हैदरनगर के थाना प्रभारी शामिल हैं।

# पीडीएस डीलरों को मिलेंगी 4जी ई-पॉस मशीनें

**राशन वितरण में होगी तेजी और सहूलियत**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत जिले के करीब 1500 डीलरों को जल्द ही 4जी ई-पॉस मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन नई मशीनों से राशन वितरण प्रक्रिया तेज और सुगम हो जाएगी। वर्तमान में डीलर 2जी आधारित मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, जो धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों का कारण बनती हैं। नई मशीनों के आने से सुदूर क्षेत्रों के लाभुकों को राशन प्राप्त करने में हो रही समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

फिलहाल पलामू जिले में 4.59 लाख लाभुक पीडीएस के तहत राशन प्राप्त कर रहे हैं। खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग ने इस कदम को राज्यव्यापी लागू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके लिए कैबिनेट से 63.72 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही मशीनों के रखरखाव पर हर साल 28.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि विभाग की बैठक में निर्णय लिया गया है कि पुरानी मशीनों को बदलकर नई 4जी ई-पॉस मशीनें दी जाएंगी। इससे पीडीएस डीलरों और लाभुकों दोनों को राहत मिलेगी।

## नेशनल हाइवे निर्माण स्थल पर गोलीबारी, एक मजदूर घायल

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ के पास नेशनल हाइवे के टोल प्लाजा निर्माण स्थल पर अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर एक मजदूर को घायल कर दिया। घायल मनीष भुईयाँ (25 वर्ष, पिता प्रमोद भुईयाँ, पोखराहा पूर्णडीह) को पैर में गोली लगी है। उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।मौके पर मौजूद मजदूरों के अनुसार, लगभग 4:30 बजे दो नकाबपोश व्यक्ति ग्लैमर मोटरसाइकिल पर आए और सात राउंड फायरिंग की। एक मिस्त्री राज पर निशाना साधा गया, लेकिन वह बच गया। गोली मनीष को लगी। अपराधियों ने बार-बार पूछा कि काम कौन करवा रहा है। एक अपराधी बाइक पर बैठा रहा, जबकि दूसरा उतरकर गोली चला रहा था। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने घटना की पुष्टि की है और बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गुरु नानक जयंती पर लायंस क्लब ने कराया 1000 लोगों को भोजन

**जल्द खुलेगा जरूरतमंदों के लिए 'नेकी का द्वार'**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सादिक मंजिल चौक, बेलवाटीका रोड में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने गुरु नानक देव जी की 358वीं जयंती के अवसर पर लगभग 1000 जरूरतमंदों और राहगीरों को भोजन कराया।

कार्यक्रम के आयोजक लायन गुरबीर सिंह ने बताया कि गुरु नानक जयंती और नववर्ष के मौके पर क्लब के सदस्यों ने मिलकर यह सेवा कार्य किया। उन्होंने कहा, 'ठंड में इतने लोगों को भोजन कराने का सौभाग्य हम सभी को मिला। हमारा क्लब हमेशा ऐसे नेक कार्यों के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा।'

लायन प्रियंका आनंद साहू ने बताया कि ठंड को ध्यान में रखते हुए जल्द ही थाना परिसर में जरूरतमंदों के लिए निशुल्क गर्म वस्त्र वितरण के लिए 'नेकी का द्वार' के रूप में एक स्थायी स्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि जो अतिरिक्त साफ और प्रेस किए गए वस्त्र दान करना चाहें, वे इन्हें स्टॉल पर जमा कर सकते हैं। जरूरतमंद अपनी पसंद के वस्त्र वहां से ले सकेंगे। दान किए गए वस्त्र क्लब के सचिव निलेश चंद्र के प्रतिष्ठान (वसुंधरा बीच भंडार, स्टेट बस डिपो के सामने) पर भी जमा किए जा सकते हैं। वस्त्र पिकअप के लिए मोबाइल नंबर 8789568193 पर संपर्क किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रोहित जैन, सचिव निलेश चंद्र, आकांक्षा जायसवाल और रणजीत मिश्रा सक्रिय रहे।

# मकर संक्रांति पर दुखहरना बाबा स्थान पर भव्य मेला

**श्रद्धालुओं की गहरी आस्था, हर साल बढ़ती है संख्या**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर पुर प्रखंड के मेदिनीनगर की सीमा पर स्थित दुखहरना देवस्थान पर मकर संक्रांति के अवसर पर भव्य मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। मेला में खिलौने, श्रृंगार सामग्री, रसोई का सामान, और बच्चों के लिए मनोरंजन के विशेष स्टॉल लगते हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जो मेले को और भी आकर्षक बनाता है। 2006 से आयोजित होने वाला यह मेला मलय नदी के तट पर स्थित है, जहां लोग नदी के सुंदर दृश्य के साथ-साथ आसपास के प्राकृतिक नजारों का आनंद लेते हैं। मेला मेदिनीनगर से लेकर पांकी और आस-पास के गांवों तक के लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर एक बाघ और भैंस की लड़ाई हुई थी, जिसके बाद यहां पूजा अर्चना की परंपरा शुरू हुई। दुखहरना बाबा के नाम से प्रसिद्ध इस स्थान पर लोग मन्नतें मांगने आते हैं और मान्यता है कि उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। इस मेले में लोग मन्नत पूरी होने पर दान भी करते हैं, और यहां विवाह मंडप के निर्माण के बाद से शादी भी कराई जाती है।

# कोहरे और बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

**सर्द हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित पूरे जिले में दिन की शुरूआत कोहरे और हल्की बारिश के साथ हुई। सुबह की बारिश और ठंडी हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी, जिससे लोगों को दिनभर ठिठुरन का सामना करना पड़ा। बुजुर्ग और बच्चे रजाई में दुबके रहे। दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे, और धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर कम नहीं हुआ। सड़कों से लेकर बाजार तक सूनापन छाया रहा। बारिश और ठंड के कारण लोग चाहकर भी घर से बाहर नहीं निकल पाए। सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में भी ठंड का असर दिखा। आम दिनों की तुलना में कार्यालयों में कर्मचारियों की संख्या कम रही। शहर से लेकर गांव तक ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। हालांकि, पहली से आठवीं कक्षा के विद्यालय बंद रहने के कारण छोटे बच्चों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह की आद्रता 96% रही और न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुल 0.1 एमएम बारिश हुई।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना अंतर्गत कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में योजना के तहत 3216 आवेदन पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 1934 आवेदन पत्र सही पाए गए। त्रुटिरहित आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया, जबकि त्रुटिपूर्ण आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया। उपायुक्त ने स्वीकृत आवेदनों को योजना के तहत लाभान्वित करने हेतु अग्रसारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उन प्रखंडों में सक्रियता बढ़ाने की हिदायत दी जहां से अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही, शून्य आवेदन वाले प्रखंडों के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि योजना के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करना है, जिससे उनके व्यवसाय और जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभी योग्य लाभुकों को समय पर लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सजगता से कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के अलावा उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजकुमार पासवान, जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला समन्वयक चंद्रकांत पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की नई प्रदेश कमेटी का गठन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की वार्षिक आम सभा रांची के डियूक मेंशन, लाइन टैंक रोड स्थित प्रदेश कार्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। सभा में 2025 के लिए महासंघ की नई प्रदेश कमेटी का गठन किया गया। महासंघ के प्रदेश संरक्षक के रूप में कमलाकांत झा, प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिनेश सोनी और प्रदेश महासचिव के रूप में राकेश कुमार सिंह का चयन किया गया। रामकुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, नागेंद्र पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष और रामाशंकर सिंह, आकाश भारती व ओमप्रकाश को प्रदेश सचिव चुना गया। अमर गुंडा को प्रदेश कोषाध्यक्ष, आनंद वर्मा को संगठन मंत्री, सुरेंद्र सिंह को सलाहकार मंत्री और विवेक कुमार सिंह को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया गया। पलामू जिला अध्यक्ष के रूप में रमाकांत दुबे और लोहरदगा जिला अध्यक्ष के रूप में रनथु साहु को चयनित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भोला सिंह, अर्जुन यादव, जयप्रकाश शुक्ला, सुनील सिंह, सुरेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## पांडू में प्रशासन ने नष्ट की 3 एकड़ में अवैध पोस्ते की फसल

**पांडू।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाही, पंचायत सिल्दील्ली में अवैध रूप से की जा रही पोस्ते की खेती को जिला प्रशासन ने नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में लगभग 3 एकड़ भूमि पर फैली अवैध फसल को पूरी तरह विनष्ट किया गया। यह अभियान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के समन्वय से चलाया गया। अवैध मादक पदार्थों की खेती और उनके प्रसार को रोकने के लिए यह कार्रवाई राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। यह कदम समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रोकने और युवाओं को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# एमके डीएवी में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन

**ईईडीपी में 'मूविंग टुवड्र्स एक्टिव क्लासरूम' और 'हैप्पी क्लासरूम' पर हुआ विचार मंथन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 7 जनवरी 2025 को सेंट्रल मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के अकादमी उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन हुआ। तीसरे दिन सभी प्रशिक्षुओं ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण सत्र में कला समेकित शिक्षा पर 'मूविंग टुवड्र्स एक्टिव क्लासरूम' का नेतृत्व सुजय कुमार मिश्रा ने किया। 'हैप्पी क्लासरूम' पर प्रीति कुमारी ने, 'नई शिक्षा नीति 2020' पर श्वेता कुमारी और 'गुगली गू (इट्स टाइम फॉर सम क्रिएटिविटी)' पर कमलेश कुमार ने विचार साझा किए। 'हैप्पी क्लासरूम और जेंडर इक्वालिटी' पर सतनाम कौर और 'मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग' पर सुधांशु गुप्ता ने चर्चा की। सीबीएसई की ओर से रवीना श्रीवास्तव और शतदरू राय ने एनईपी 2020 पर विचार रखे। सुजय कुमार मिश्रा ने छोटे बच्चों में क्रियात्मक शिक्षण जैसे गीत, संगीत और नृत्य को अधिक प्रभावी बताया। नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए कमलेश कुमार ने 'कंम्पिटेंसी बेस्ड टीचिंग, लर्निंग एंड एसेसमेंट' को समझाया और बीटा जेनरेशन के महत्व पर जोर दिया। सतनाम कौर ने रचनात्मक तरीकों जैसे छायाचित्रण और कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

अंतिम सत्र में प्रशिक्षुओं ने विषयवार समूह बनाकर विशेषज्ञों और मास्टर ट्रेनर्स के साथ अत्याधुनिक शिक्षण विधियों पर विचार-विमर्श किया। सत्र का समापन शांति पाठ और समूह छायांकन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में पधारे विशेषज्ञों को शाल और फल देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय संयोजक और सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डॉक्टर जी.एन. खान ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीक और बच्चों की बदलती मानसिकता के अनुरूप खुद को तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षु अपने शिक्षण में इन नवाचारों को लागू करेंगे और छात्र हित में इसे उपयोगी बनाएंगे।

**वार्ड 29: सफाई, जलापूर्ति और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझता मुख्य बाजार क्षेत्र**

# व्यवसायिक गतिविधियों से व्यस्त वार्ड, पर नालियां जर्जर और पेयजल आपूर्ति लंबे समय से बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 29, जो शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र से सटा हुआ है, बुनियादी सुविधाओं की कमी से परेशान है। वार्ड की सीमाएं उत्तर में सेवा सदन मोड़ से पंचमुहान, जयश्री पुस्तक भंडार होते सतार सेठ चौक तक, दक्षिण में लाल कोठा से भट्ठी मोहल्ला होते शिवाला रोड तक, पूर्व में सेवासदन रोड से डोमटोली और दुगार्मंडप तक, और पश्चिम में सतार सेठ चौक से लालकोठा तक फैली हुई हैं। बाजार क्षेत्र होने के कारण वार्ड में देर शाम तक चहल-पहल रहती है। हालांकि, जलापूर्ति, सफाई और यातायात की बदहाल स्थिति ने यहां के निवासियों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है।

**वार्ड में कई समस्याएं हैं जिसमें**


प्रमुख कई हिस्सों में वर्षों से पेयजल आपूर्ति बंद है। स्थानीय निवासी जावेद का कहना है, 'पानी की समस्या के कारण लोगों को अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। निगम को इस समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।' फेस-2 योजना के तहत जलापूर्ति का लाभ अभी तक वार्ड के निवासियों को नहीं मिला है, जिससे लोगों में असंतोष है। नालियों की सफाई अनियमित रूप से होती है। कई स्थानों पर नालियां जाम रहती हैं, जिससे जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है। मोहम्मद अफजल ने कहा कि नालियां वर्षों से साफ नहीं हुई हैं। सफाईकर्मी आते हैं, लेकिन बिना काम किए चले जाते हैं। वार्ड में कई जगहों पर पुराने बिजली के पोल और जर्जर तार अब भी लगे हुए हैं। इनसे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं का भी खतरा रहता है। बाजार क्षेत्र होने के कारण छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही से वार्ड में जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय व्यवसायी सुनील गुप्ता ने कहा कि जाम के कारण ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। इसे सुलझाने के लिए निगम को वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करनी चाहिए। स्थानीय निवासियों ने निगम को निम्नलिखित सुझाव दिए हैं कि फेस-2 योजना का लाभ सबसे पहले वार्ड 24 को दिया जाए। सफाईकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पुराने पोल और तारों को बदला जाए। वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग सुविधा बनाई जाए।


बहरहाल, दुगार्बाड़ी और कोयल रिवर फ्रंट जैसे महत्वपूर्ण हिस्सों वाला वार्ड 24 बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। यहां जलापूर्ति, सफाई, और यातायात जैसी समस्याओं का समाधान न केवल वार्ड के निवासियों के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए आवश्यक है। नगर निगम को जल्द से जल्द इन समस्याओं पर ध्यान देकर वार्ड को बेहतर बनाने के प्रयास करने चाहिए।




*निवर्तमान पार्षद नवीन गुप्ता*
*'अपने कार्यकाल में मैंने कई बड़े नालों का निर्माण कराया है। जलापूर्ति और सफाई को लेकर मैंने नगर निगम को कई बार पत्र लिखा है। उम्मीद है, जल्द ही समस्याएं हल होंगी।'*

**वार्ड 29 के निवासियों की राय**







**पूर्व प्रतिनिधि किरण अग्रवालः** 'नगर परिषद के कार्यकाल में फंड की कमी के बावजूद मैंने वार्ड के उत्थान की पूरी कोशिश की थी। अब नगर निगम को वार्ड की समस्याओं पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'

**स्थानीय निवासी मोहम्मद अफजल :** 'वार्ड में सफाईकर्मी कभी-कभार ही आते हैं। सफाई को लेकर किसी को कोई जिम्मेदारी नहीं दिखती। निगम को इसे सख्ती से लागू करना चाहिए।'

**स्थानीय व्यापारी राकेश वर्मा :** 'यातायात की समस्या हमारे व्यवसाय को प्रभावित कर रही है। जाम के कारण ग्राहक वार्ड के बाजार में आने से कतराने लगे हैं। निगम को पार्किंग और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए।'

## डुमरसोता ने मेरौनी को हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह गांव में आयोजित शहीद भगत सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वॉटर फाइनल मुकाबला में डुमरसोता की ने मेरौनी को 106 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डुमरसोता की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 5 विकेट खोकर 213 रन बनाएं। डुमरसोता की ओर से गोलू पांडेय ने 53 बॉल पर 106 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी मेरौनी की टीम 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन आफ द मैच गोलू पांडेय को मिला। मौके पर राकेश पासवान, आनंद कुमार, अमरेश कुमार, इंद्रजीत विश्वकर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# बाल श्रम उन्मूलन में सख्ती नियोजकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

### गढ़वा जिले में औचक निरीक्षण के दौरान बाल श्रमिक नहीं पाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मंगलवार को गढ़वा जिले के डंडई और नगर प्रखंड के विभिन्न ईंट भट्ठों में श्रम अधीक्षक संजय आनंद की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन हेतु धावा दल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया। श्रम अधीक्षक ने ईंट भट्ठे के मालिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बाल श्रमिकों से काम लेना



गंभीर अपराध है, और अगर कोई बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया तो नियोजकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल श्रम कराने पर नियोजकों को 6 माह से 2 वर्ष की सजा और 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। धावा दल में श्रम अधीक्षक संजय आनंद के अलावा सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष प्रणव कुमार, डीसीपीयू संरक्षण अधिकारी संजय ठाकुर, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### बीआरसी में आपार आईडी पर विशेष प्रशिक्षण

**खरौंधी।** बीआरसी खरौंधी में आयोजित एक विशेष सत्र में आईसीटी प्रशिक्षक संजित कुमार ने शिक्षकों को आपार आईडी के महत्व और उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा प्रणाली में दक्ष बनाना और विद्यालयों में नामांकन गैप को दूर करने के साथ शिक्षा विभाग की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना था। सत्र के दौरान संजित कुमार ने डेटा अपडेट, विद्यालय प्रोफाइल प्रबंधन, और छात्रों की जानकारी दर्ज करने के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने आपार आईडी बनाने और इसके उपयोग में आने वाली चुनौतियों के समाधान भी साझा किए। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से न केवल उनकी तकनीकी जानकारी बढ़ेगी, बल्कि वे अपने विद्यालय की प्रगति में भी बेहतर योगदान दे सकेंगे।बीपीएम नवीन प्रकाश ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि शिक्षक डिजिटल प्रणाली में पूरी तरह दक्ष हो सकें।

### नेहा कुमारी का सेविका पद पर चयन

**मेराल।** प्रखंड के रेजो गांव में हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का चयन किया गया। चयन की प्रक्रिया पंचायत की मुखिया फुलमंती देवी की अध्यक्षता में किया गया। प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा द्वारा चयन से संबंधित जानकारी पढ़कर सुनाया गया। मालूम हो कि झारखंड सरकार महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा से सेविका सहायिका नियमावली को संशोधित किया है। इसमें पहली बार सेविका सहायिका के आश्रितों को चयन करने की स्वीकृति दिया गया है। नियमावली के अनुसार किसी भी सेविका सहायिका के कार्यरत के दौरान मृत्यु होने के स्थिति में उनके आश्रितों को उक्त पद पर चयन किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए मृत्यु के तीन महीने के अंदर आश्रितों को बाल विकास परियोजना कार्यालय में चयन करने के लिए आवेदन देना होगा। इस नियमावली के तहत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह बीडीओ सतीश भगत, पर्यवेक्षक सह अंचलाधिकारी यशवंत नायक के उपस्थिति में सेविका पद पर आश्रित नेहा कुमारी पति आर्यन कुमार का चयन किया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका मीना देवी, वार्ड सदस्य राजू पासवान, सुनील बैठा, ह्रदय ठाकुर, केशवर राम, ह्रदयानंद प्रसाद,राजन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नीलगाय से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग

**मेराल।** प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डा.लालमोहन ने उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी से नीलगाय से प्रभावित किसानों को फसलों की हुई क्षतिपूर्ति देने तथा जालीदार व टीला तार व्यवस्था कराने की मांग किया है। जिससे किसानों की खेती बच सके। वन प्रमंडल पदाधिकारी को सौंपे आवेदन में उल्लेख किया है कि कई वर्षों से मेराल प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के किसान नीलगाय के आतंक से परेशान है। आलम यह है कि बहुत से किसान खेती करना छोड़ चुके हैं। नीलगायों की झुंड जिस क्षेत्र में गए उधर का लहराता हुआ फसल बर्बाद हो जा रही है। रवि फसल, साग सब्जी की रखवाली के लिए किसानों को रात भर जागना पड़ रहा है। विधायक प्रतिनिधि ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से किसानों की फसलों की हुई नुकसान की क्षतिपूर्ति देने तथा बचाव के लिए जालीदार तथा कंटीला तार उपलब्ध कराने की मांग की है।

### क्रशर प्लॉट के नीलामी पर रोक लगाने की मांग

**भवनाथपुर।** राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने सरकार के श्रम नियोजन कौशल विकास एवं उद्योग विभाग से मिलकर सेल द्वारा संचालित भवनाथपुर खदान समूह का क्रशर प्लॉट के निलामी पर रोक लगाते हुए तुलीसदामर डोलोमइट खदान के मजदूरों व विस्थापितों के समस्याओं के समाधान की मांग किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि 4 जनवरी को विस्थापित संघर्ष समिति के तत्वावधान में 23 दिसंबर 2024 से भवनाथपुर के प्रशासनिक भवन के समक्ष चल रहे धरणा स्थल पर पहुंच कर मजदूरों व विस्थापितों के समस्याओं से अवगत हुआ। बता दें कि विस्थापितों संघर्ष समिति भवनाथपुर में मांग पत्र को सलंग्न करते हुए आग्रह किया है कि मांग पत्र में वर्णित मांगों को पूर्ण करने की आवश्यकता है।

### टूर्नामेंट में केतार ने अपने मैच जीते



**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के अंजनिया गांव में बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय व थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा की खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा की सुदूरवर्ती इलाकों में इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होने से खिलाड़ियों को अपनी अंदर छुपी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। उद्घाटन मैच कैलान बनाम केतार टीम के बीच खेला गया। कैलान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 52 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी केतार की टीम 5 ओवर में 53 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच पवन कुमार को मिला। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, चंद्रदेव सिंह, मनीष गुप्ता, सुशील यादव, अनुप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### बैठक 9 को

**श्री बंशीधर नगर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर आगामी 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में सभी कार्यालय प्रधान, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख,सभी गण्यमान्य व्यक्ति,चेम्बर ऑफ कॉमर्स, पेंशनर समाज व ताईद संघ के अध्यक्ष, सचिव,नगर पंचायत क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्राचार्य को आमंत्रित किया गया है।

### सत्संग सह भंडारा 9 को

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों ने वन भोज दिवस के अवसर पर आगामी 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने दी। उन्होंने सभी सत्संगियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का अनुरोध किया।

### अरंगी पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**खरौंधी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत अरंगी में पंचायत समिति सदस्य नसीबान बीबी ने मंगलवार को असहाय, गरीब, वृद्ध, विकलांग और विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किया। सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद लाभार्थियों ने भाग लिया। नसीबान बीबी ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्गों की मदद करना उनका कर्तव्य है। इस पहल को लेकर ग्रामीणों ने उनकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थित होकर इस प्रयास को प्रोत्साहित किया। लोगों ने इस मदद के लिए पंचायत समिति को धन्यवाद दिया।

## सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान समाहरणालय में पम्पलेट वितरण





**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत यातायात नियमों की जानकारी दी गई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभी सरकारी कार्यालयों में सड़क सुरक्षा के महत्व पर काउंसलिंग आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को बाइक चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग, नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न देने, गति सीमा का पालन करने और सड़क पर क्रोध में वाहन न चलाने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में हिट एंड रन और गुड समैरिटन योजनाओं के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने का भी संदेश दिया गया। सभी कर्मचारियों को रोड सेफ्टी हैंडबुक और पम्पलेट वितरित किए गए। इस अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन संजय बैठा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आदिम जनजाति परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु सिमरिया प्रखंड के जांगी पंचायत के कोरी में मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर आदिम जनजाति के ग्रामों का सर्वे कराया गया था व सर्वे में चिह्नित किए गए परिवारों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति, आवास, वन पट्टा, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, पशुधन, बैंक खाता, जाति, आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु शिक्षा विभाग, छात्रवृत्ति योजना, सखी मंडल से जुड़ाव हेतु जेएसएलपीएस एवं अन्य कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में 40 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांच करते हुए दवाइयां दी गई। कोऑपरेटिव बैंक सिमरिया के द्वारा 30 व्यक्तियों का नया खाता खोला गया। आधार इनरोलमेंट सेंटर के द्वारा 12 नए आधार बनाए गए। अंचल द्वारा कैंप में 32 जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। 120 व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा बिरहोर परिवारों को ठंड से बचने हेतु कंबल का प्रयोग करने की सलाह दी गई। कैंप में अंचल अधिकारी गौरव राय, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने कंबल बांटे

**मझिआंव।** कंपकपाती ठंड के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 ग्राम खजुरी में महादलित मुसहर परिवार के बीच नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कंबल वितरण किया। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, कन्या अभियंता संदीप कुमार के साथ मुसहर परिवार के लोग उपस्थित थे।

## वन संसाधनों पर ग्राम सभाओं का सदियों से मालिकाना हक रहा है: जेम्स हेरेंज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** प्रखंड के गड़िया गांव में वन अधिकार के बैनर तले बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व संचालन गड़िया वन अधिकार समिति के सदस्य पृथ्वी टोप्पो ने की। बैठक में 7 प्रखंडों के पारंपरिक अगुआ शामिल हुए। वन अधिकार मामलों के जानकार जेम्स हेरेंज ने बताया कि सामुदायिक वन संसाधनों पर ग्राम सभाओं का सदियों से मलिकना हक रहा है। यही वजह है कि भारत सरकार ने अनुसूचित जनजाति व और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम की धारा 3 (1) (झ) में पारंपरिक रूप से संरक्षण और परिरक्षण करने का अधिकार दिया है। लेकिन गढ़वा जिला प्रशासन ने 56 ग्राम सभाओं को एक साजिश के तहत निर्गत पट्टे में प्रबंधन के अधिकार से वंचित रखा है। बैठक में आदिवासी मामलों के जानकार सुनील मिंज ने कहा कि पारंपरिक ग्राम सभा को कानून ने



अब ग्राम सरकार का दर्जा प्रदान किया है। ग्राम सभा को पेसा अधिनियम 1996 के तहत असीमित अधिकार दिए गए हैं। जिसके अंतर्गत ग्राम सभाएं विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका निभाएगी। चिनिया प्रखंड से चलकर आई महिला सामाजिक कार्यकर्ता कविता सिंह खरवार ने हाल के दिनों में वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर ट्रेंच खुदाई, पीट खुदाई जैसे कार्यों का ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर विरोध करने की अपील की है। इस मौके पर कई अन्य पारंपरिक नेताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक के अंत में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए जिसमें आदिवासियों के अधिकारों में कानूनी लापरवाही को लेकर बड़गड़ प्रखंड से रंका अनुमंडल के 7 प्रखंड होते हुए पैदल मार्च का कार्यक्रम की जाएगी ।यह मार्च कार्यक्रम जिला मुख्यालय पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरना एवं प्रदर्शन में तब्दील हो जाएगी। इस बैठक में अन्य वक्ताओं में मुख्य रूप से प्रमंडलीय वन अधिकार संघ के संयोजक मानिकचंद कोरवा, उपसंयोजक मनराखन सिंह, बड़गड़ बीससूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, फिरोज लकड़ा ,आगरेन केरकेट्टा, प्रदीप मिंज, अरुण सिंह, रामप्रसाद, शिवकुमार सिंह ,प्रदीप मिंज आदि शामिल थे।

## सड़क किनारे गड्ढा खोदने से दुर्घटना की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** सोनेहारा रमना मुख्य मार्ग में बुढ़वा पुल मोड़ के पास सड़क किनारे करीब 20 फीट गहरा गड्ढा गत माह पूर्व ही खोद कर छोड़ दिया गया हैं, जिससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़क में आये दिन लगातार दुर्घटनायें हो रही है। कोहरे के कारण भी दृश्यता पांच दस मीटर से ज्यादा नहीं हैं। इस मार्ग में गत दिन तीन मुहान के पास दुर्घटना में घायल होने के बाद दो लोग को सदर अस्पताल से भी रेफर कर दिया गया। साथ ही उक्त स्थल पर ही सड़क के दूसरे किनारे 15वीं वित्त से एक लाख रुपए की लागत से नाली का निर्माण किया गया है। जिसका मिट्टी का मलबा सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। जिससे एक तरफ सड़क पर मिट्टी का टीला और दूसरी किनारे खाई है। इस संबंध में अलोक सिंह ने कहा कि उक्त गड्ढा खोदे दो तीन माह के करीब हो गया है। सड़क से सटा हैं और किसी भी प्रकार का कोई चेतावनी का बोर्ड भी नहीं लगा है। जिससे छोटी बड़ी घटनायें हो रही है। यदि जल्द ही इसका समाधान नहीं किया गया तो बड़ी घटनाएं होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे पूर्व इस प्रकार के बिना चेतावनी लगा गड्ढा में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। मृत्युनंजय कुमार सिंह ने कहा कि कोहरे और सड़क एक किनारे मिट्टी का टीला व दूसरे तरफ खाई वाहन चालकों को दुर्घटना के लिए खुला निमंत्रण है।

### गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को कंबल का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत की मुखिया लाईची देवी व जिला पार्षद रंजनी शर्मा ने संयुक्त रूप से बनसानी पंचायत के कुल 19 वार्ड में 12 वार्डो में निवास करने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर तबका के महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया लाईची देवी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सर्दी के मौसम में पड़ रही कड़ाके की ठंड और चल रही शीतलहर से गरीब असहायों को बचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार से पंचायत के लिए कुल 206 कंबल प्राप्त हुआ है। पंचायत के 12 वार्डो में 190 कंबल का वितरण किया गया है। शेष बचे सात वार्डो में बुधवार को कंबल का वितरण कर दिया जायेगा।

## ठंड और कोहरे ने जनजीवन किया प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में मंगलवार को ठंड और कोहरे ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए, जिससे ठंड और भी बढ़ गई। सुबह से ही तेज हवा के साथ चल रही कनकनी ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया। बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, और दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ। खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह ठंड अत्यधिक कष्टकारी साबित हो रहा है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं, लेकिन तेज हवा के चलते उसका प्रभाव भी सीमित हो गया है। किसान और मजदूर वर्ग के लोग भी ठंड के कारण अपने काम पर नहीं जा सके। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन की ओर से ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी मिल रही है। लोग सरकार से कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

**धरना**

## खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति ने दिया धरना

## बंदोबस्ती के लिए संपूर्ण अर्हता पूरी करने के बावजूद परेशान किया जा रहा : समिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** पुराना समाहरणालय गढ़वा के सामने खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड बीरबंधा ने एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मछुआरा संघ के प्रदेश महासचिव बसंत कुमार चौधरी ने कहा कि समिति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। समिति वर्षों से अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही है, उसे बंदोबस्त न करके दूसरे समिति को बंदोबस्त किया जाना बिलकुल गलत है। समिति अध्यक्ष संजय चौधरी का स्पष्ट कहना है कि समिति के लोग लगातार बंदोबस्त के लिए प्रयास करते आए हैं और हर स्तर पर हमेशा सकारात्मक आश्वासन मिलता रहा है। स्थानीय पदाधिकारी के रवैया से काफी परेशान हैं। खजूरी जलाशय





मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड बीरबंधा निबंधित संस्था है, जो खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन क लिए समिति बंदोबस्ती लेना चाहती है। खजूरी जलाशय में मत्स्य पालन के लिए 27.7.2021 को बीरबंधा में समिति ने बैठक की। जिला मत्स्य पदाधिकारी गढ़वा द्वारा बंदोबस्ती प्राप्त करने के लिए सहायक निबंधक सहयोग समितियां, गढ़वा और जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा से अनुशंसा सहित स्वच्छता प्रमाण पत्र मांगा गया था। बंदोबस्ती के लिए संपूर्ण अर्हता पूरी करने के बावजूद भी जिला मत्स्य पदाधिकारी गढ़वा द्वारा तरह-तरह का बहाना बनाकर बेवजह परेशान किया गया। कागजात को देखते हुए तत्काल बंदोबस्ती को रद्द करते हुए विधि संगत न्याय की मांग की गई। खजूरी जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड बीरबंधा के सभी सदस्य स्थानीय हैं। परंपरागत है, प्रशिक्षण प्राप्त हैं। गरीब, असहाय, भूमिहीन, दिव्यांग सहित 200 लोगों को रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। सभी लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए। मौके पर समिति सचिव संजय कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य सुकुल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, चलितर चौधरी, सीता राम चौधरी, शिव चौधरी, संजय चौधरी, संतोष चौधरी, रामाशीष चौधरी, रामजन्म चौधरी, अखिलेश चौधरी, सोनी देवी, कौशल्या देवी, गीत देवी, उर्मिला देवी, लालती देवी, पार्वती देवी, सोना देवी, धनवा देवी, विजय चौधरी, राजेश चौधरी, कर्मदेव चौधरी, सुषमा देवी, विजय चौधरी, सुनीता देवी, कुंती देवी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कुंआ में गिरने से युवती की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव में मंगलवार को बाल्मिकी ठाकुर की पुत्री तिजरानी कुमारी (17) की कुआं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिजरानी कुमारी शौच जाने के क्रम में घर से 200 मीटर दूर स्थित कुआं में फिसलकर गिर गई। ग्रामीणों के प्रयास के बाद शव को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गये है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। लड़की के पिता बाल्मिकी ठाकुर दूसरे राज्य में मजदूरी करने गये हैं। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर मुखिया श्याम सुंदर बैठा, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार पासवान, श्याम बिहारी सिंह, बुधी राम, श्री राम सिंह राजू सिंह, बिंदेश्वर विश्वकर्मा सहित आदि लोग उपस्थित उपस्थित थें।

### भानू ने पिता की स्मृति में गरीबों के बीच कंबल बांटे

**केतार।** पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने बत्तो कला गांव स्थिति आवास पर मंगलवार को अपने पिता पूर्व मंत्री समाजवादी नेता स्व लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती की दूसरी पुण्यतिथि मनायी। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही सहित सैकड़ों लोगों ने स्व. देहाती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि उनके पिता ने जीवन भर गरीबों, दलितों, शोषितों व वंचितों को गोलबंद कर उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि पिता ने 91 वर्ष की उम्र में कनहर परियोजना के लिए संघर्ष किया था। पुण्यतिथि पर सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया।

# धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप करें : उपायुक्त

**डीएसओ को निगरानी व अनुश्रवण करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति केन्द्रों में धान क्रय किसानों का निबंधन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से संपन्न कराने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निगरानी व अनुश्रवण करने निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला में संचालित सभी लैंप्स के सचिव को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के निबंधित किसानों से संपर्क कर उन्हें लैंप्स में ही धान आपूर्ति कराने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम धान बेचने के इच्छुक सभी किसानों से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया। निबंधित किसानों से ही धान का क्रय किया जायेगा। इच्छुक सभी किसानों का जल्द निबंधन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीसीओ को अपने विभाग से संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन लैंप्स में धान अधिप्राप्ति की न्यूनतम मात्रा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमणि टोपनो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह सहित लैंप्स के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में 11 आवेदनों की अनुशंसा



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिलाअनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति ने उग्रवादी हिंसा व सामान्य के आश्रितों के 14 अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की। इनमें उग्रवादी हिंसा के 5 सामान्य के 9 अभ्यावेदन थे। सामान्य अभ्यावेदनों पर विचार के बाद समिति ने 9 में 6 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की। उग्रवादी हिंसा से संबंधित 5 मामलों पर विचार करते हुए समिति ने अनुशंसा की। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, स्थापना उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वार्षिक कार्य योजना के लिए जीपीएफटी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में जीपीएफटी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत का सहजकर्ता दल ने भाग लिया। इसमें दो वार्ड मेंबर, दो सक्रिय समूह की महिला, पंचायत सेवक,रोजगार सेवक,पंचायत सहायक ने भाग लिया। ट्रेनिंग बीडीओ व मास्टर ट्रेनर द्वारा विधिवत शुरूवात किया गया। ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाने की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव, ट्रेनर अमित बरला, मुखिया मास्टर ट्रेनर केदार गंझू, मुखिया मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार पांडेय, मास्टर ट्रेनर वकील उरांव, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज व अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## बुजुर्गों व असहायों को अब तक नहीं मिला कंबल

**कुंदा (चतरा)।** कंपकापाती ठंड के बाद भी अब तक बुजुर्गों के बीच प्रशासन की ओर से किसी भी पंचायत मे कंबल का वितरण नहीं किया गया है। इस कारण बुजुर्ग दिव्यांग व असहाय को ठंड में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग किसी तरह से आलाव का सहारा लेकर ठंड से अपने को बचाव कर रहे हैं। ज्ञात हो की प्रत्येक वर्ष बढ़ते ठंड को लेकर राज्य सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले वृद्ध,दिव्यांग, विधवा समेत अन्य असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करती है, लेकिन अब तक कंबल का वितरण न करना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर रहने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

# प्रतिभा को पहचान कर निखारना उद्देश्य : प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को धूमधाम के साथ विद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर विद्यालय परिवार ने हवन-पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया। छात्र-छात्रों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। उसे स्वयं में छुपी प्रतिभा को पहचान कर निखारना उद्देश्य है। विद्यालय इस कार्य में उसकी सहायता करते हैं। उनके अच्छे चरित्र के निर्माण में अपने अहम भूमिका निभाते हैं। कड़ी मेहनत से ही छात्र-छात्रों को सब कुछ हासिल हो सकता। साथ ही असीम ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि लगभग 31 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 6 जनवरी 1993 को विद्यालय का स्थापना की गई थी। उम्मीद है कि विद्यालय के छात्रों ने अपने मेहनत के बल पर अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। विद्यालय स्थापना का मुख्य उद्देश्य है बेहतर शिक्षा, संस्कार देना। यह विद्यालय विद्या भारती झारखंड के मार्गदर्शन द्वारा संचालित होता है। विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य है चरित्रवान, सुयोग्य बालक का निर्माण करना। इसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक बधाई के पात्र हैं। यह विद्यालय समाज का है। इसलिए समाज के सभी अभिभावक विद्यालय को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग करें। मौके पर आचार्य शशि कुमार सिंह, नीतीश कुमार ,खुशब कुमारी ,मधुबाला कुमारी, लक्ष्मी मंडल, वंदना सिन्हा ,युवराज कुमार ,सोनाली कुमारी, एवं किरण देवी उपस्थित थे।

## मकई लदा ट्रक घाटी में पलटा

**लातेहार।** जिला के महुआडांड़-कुसुमी अंवाटोली भाया चंपा मार्ग होते छत्तीसगढ़ से झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ आ रहा मकई लदा ट्रक मंगलवार तड़के सुबह 4 बजे मेराम घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक पर सवार चालक व उपचालक सुरक्षित बच गएं।

## सीओ ने असहाय को कंबल उपलब्ध कराया

**लातेहार।** अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने मंगलवार को एक असहाय वृद्ध को कंबल उपलब्ध कराया। दरअसल एक वृद्ध किसी समस्या को लेकर अंचल अधिकारी से मिलने गया था। अंचल अधिकारी ने जब देखा कि वह ठंड से ठिठुर रहा है, तो उन्होंने कंबल मंगा कर उस वृद्ध को दिया। कंबल पा कर वह काफी प्रसन्न दिखा। प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार को कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राहम्ण समाज ने संस्कृत भाषा को अनिवार्य रुप से लागू कराने को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। सात सूत्री मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से झारखंड प्रदेश अंतर्गत सभी विद्यालयों,महाविद्यालयों में संस्कृत विषय का पठन पाठन व कर्मकांड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, विद्यालय, महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षक, व्यख्याता की नियुक्ति कराने, चतरा जिला में कर्मकांड विप्र भवन के लिए सरकारी जमीन मुहैया कराने,परशुराम जयंती के दिन सरकारी छुट्टी घोषित करने, सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी विद्यालयों में गीता पाठ व भारतीय संस्कृति के रक्षा के लिए संस्कृत शिक्षा को झारखंड के साथ पूरे देश में अनिवार्य रुप से लागू कराने के अलावा झारखंड में संस्कृत यूनिवर्सिटी की स्थापना की मांग की गई। मौके पर धनंजय कुमार शर्मा, नन्दलाल पांडेय, रामखेलावन शर्मा, नरेश पांडेय, नीरज कुमार पांडेय, शंकर पांडेय, मुरारी पांडेय, यशवंत पांडेय, संजय पांडेय, राजन पांडेय, कृष्ण देव पांडेय, अजय शर्मा, संतोष पांडेय के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# हाथी के आतंक से ग्रामीण भयभीत

**पशु को कुचला, दरवाजा तोड़कर अनाज चट कर फसल किया बर्वाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम जबरा निवासी संतोष प्रजापति के घर मे लगे दरवाजा को सोमवार की रात्रि बिछड़ा अकेला हाथी ने उत्पात मचाते हुए घर का ग्रिल व दरवाजा तोड़कर घर में रखा तीन क्विंटल धान को खाकर चट कर दिया। पीड़ित परिवार संतोष प्रजापति ने बातया कि सभी परिवार प्रत्येक दिन की तरह सोमवार रात्रि में सो रहे थे। अचानक लगभग 2 बजे रात्रि को घर का ग्रिल टूटने की आवाज सुनाई दिया। बाहर निकाल कर देखा तो हाथी ग्रिल तोड़कर धान खा रहा था। इसके बाद वहां से हाथी निकल गया। ठकुरी प्रजापति के खेत में लगा आलू लगभग डेढ़ क्विंटल खा गए। गिलास प्रजापति का 50 किलो धान खाकर चट कर दिया। रोन्हे ग्राम सड़क किनारे एक झोपड़ी को उजाड़ते हुए लालदेव उरांव पिता जागो उरांव का घर के बाहर बंधा पशु को पैर से कुचल कर मार डाला। जिससे लालदेव का लगभग 24 हजार का आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार से भाजपा नेता सह झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने सभी पीड़ितों को आश्वासन देते हुए कहा कि फसल क्षति का उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पीड़ित परिवारों ने विभाग से इस क्षेत्र से हाथियों को हटाने की मांग की है।

# प्रशिक्षण का लाभ उठाकर गांव के विकास में सहभागिता निभाएं : बीडीओ

**- दो बैच में मनिका प्रखंड के 15 पंचायतों के सहजकर्ता दल के सदस्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मे मंगलवार को पंचायती राज विभाग द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मनिका बीडीओ संदीप कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत प्रशिक्षण का लाभ उठाकर गांव के विकास में सहभागिता निभाएं। उक्त प्रशिक्षण शिविर में दिया जा रहा प्रशिक्षण का लाभ उठाकर सहजकर्ता दल के सदस्य पंचायत के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगें। सबकी योजना सबका विकास अभियान पंचायत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षण शिविर में पहले दिन सहजकर्ता दल को पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित एमटी विनिता कुमारी ने प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सहजकर्ता दल के सदस्यों को जानकारी देते हुए कहा कि सबकी योजना सबका विकास अभियान द्वारा पंचायत के विकास के लिए गांवो में कई अंग होते हैं। सबके सहयोग के साथ पंचायत का सर्वागीण विकास किया जा सकता है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में सहजकर्ता दल के लोगों को दो बैच में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रथम बैच में मनिका प्रखंड के सिंजो, मनिका, नामुदाग, रांकीकला, कोपे, बड़काडीह, जान्हो, बरवैया कला व द्वितीय बैच में मटलौंग, दुंदू, विशुनबांध, जुंगूर, पल्हैया, बंदुआ, डोंकी पंचायत के सहजकर्ता दल के सदस्यो को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद एमटी विनिता कुमारी, मोरवाई कला मुखिया आशीष सिंह, पंचायत के वार्ड सदस्य, पंचायत स्वयं सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 12 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। महिलाओं का बंध्याकरण चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में प्रत्येक मंगलवार को बंध्याकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। बंध्याकरण करने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश सहिया, एएनएम, जीएनएम को दिया गया।

# आईआरबी जवान का इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आईआरबी-4 के जवान अनुरंजन मिंज की मौत सोमवार की देर शाम आठ बजे रांची के सेम्फोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। वह लातेहार में पदस्थापित थे। बता दें कि अनुरंजन तीन जनवरी को डियूटी के क्रम में गिर गए थे। गिरने से कान से खून बहने लगा और बेहोश हो गए थे। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लातेहार में भर्ती कराया गया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर बेहतर इलाज के लिए सेम्फोर्ड अस्पताल रांची में चार जनवरी को एनआईसीयू में भर्ती कराया गया था। इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। मंगलवार को दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर को लातेहार पुलिस लाईन लाया गया। आईआरबी-4 के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता व अन्य पुलिस कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर नम आंखों से विदाई दी। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव छिपादोहर थाना क्षेत्र के करमाडीह भेजा। अनुरंजन ने 14 वर्ष अपनी सेवा दी। वह एक अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी थे और धावक रह चुके हैं। घर में माता पिता व दो भाई है। वह सबसे छोटा थें। मौके पर आईआरबी-4 के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता, झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी-4 लातेहार के अध्यक्ष बलेश कुजूर, मंत्री प्रमोद पासवान, उपाध्यक्ष मो असरफ खान, कोषाध्यक्ष ओहदार टोप्पो, संयुक्त सचिव हरिलाल महतो, केन्द्रीय सदस्य अर्जुन कुमार सिंह, अंकेक्षक सरोज कुमार सुमन समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# चंदवा में भाजपा का सदस्यता संगठन महापर्व शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार में मंगलवार को भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विधायक प्रकाश राम ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान को बढ़ावा देना और पार्टी की विचारधारा व संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है। पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ,सबका विकास,सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। बैठक के दौरान राजकुमार पाठक, महेंद्र साहू ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। विधायक ने सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके क्रियान्वयन का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में सदस्यता अभियान को लेकर विशेष चर्चा की। साथ ही पार्टी ने नए सदस्य जोड़ने और युवा वर्ग को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। इससे पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत भाजपा सदस्यों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर सदस्यता संगठन महापर्व के निमित बैठक की शुरूआत की। मौके पर राजेंद्र यादव, आशीष सिंह, संजीव आजाद, कुलामन साव, बिनोद कुमार गुड्डू, सुरेश यादव,अवधेश यादव, राजु उरांव, रोहित अग्रवाल, धनेश प्रसाद, शिवकेश्वर यादव, राजन भगत, रामकिशुन गंझू, मनीष गुप्ता, हीरामानी देवी, राजवन्ति देवी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान: डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा रवाना किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत मंगलवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जीवन बहुत मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम व अपनी सुरक्षा के लिए जिम्मेवारी पूर्वक व यातायात नियमों का अनुपालन करते हुए वाहन चलाएं। दुपहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करें, कार चलाने के समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग बच्चों के अभिभावक से दो पहिया व चार पहिया वाहन नहीं चलाने देने का आग्रह किया। जागरूकता रथ लातेहार जिला द्वारा सभी प्रखंडों में जाकर सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में जानकारी प्रदान करेगा।

# पुलिस व वन विभाग ने चार एकड़ में लगे पोस्ता की फसल किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर मंगलवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के दालचुंवा में लगभग तीन से चार एकड़ में अलग-अलग जगहों पर लगे पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया है। पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस सदल बल दालचुंवा पहुंची। इसके बाद वन विभाग व चंदवा पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर लगभग चार एकड़ वन भूमि मे लगे पोस्ते की खेती को रौंद कर नष्ट कर दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि इसमें शामिल लोगों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मादक पदार्थ की खेती करने वाले लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। थानेदार ने स्थानीय जनता से अपील की कि वह इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल ही प्रशासन को दें। यह कदम समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को रोकने और युवाओं को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अभियान में एएसआई शशि रंजन कुमार,भीम सिंह,अरविंद सिंह,अंचल अमीन समेत पुलिस के जवान व वन विभाग की टीम शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## ट्रैफिक नियमों पालन करें चालक : थाना प्रभारी

**महुआडांड़।** थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने सभी वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों की का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी कर वाहनों का परिचालन करना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। थोड़ी सी भी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकता है। थाना प्रभारी ने बाइक चालकों से बिना हेलमेट पहने किसी भी हाल में घर से नहीं निकलने की हिदायत दिया। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ सीधे तौर पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कुंदा (चतरा)।** पलामू के पांकी थाना पुलिस ने मंगलवार को एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को पांकी थाना पुलिस व कुंदा पुलिस ने संयुक्त रूप से कुंदा थाना क्षेत्र के एकता गांव निवासी सुरेन्द्र गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाते हुए उसे सरेंडर करने के लिए दबाव बनाया। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एनडीपीएस के मामले का आरोपी 2021 से फरार चल रहा है। समर्पण नहीं करने पर उसके घर को कुर्की जब्ती की जायेगी।

## योजना चयन व कार्यान्वय को लेकर नंप में बैठक

**लातेहार।** शहरी क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर व विकसित करने के लिए को लेकर सोमवार को नगर पंचायत के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रकार के योजनाओं के चयन व कार्यान्वयन को जमीन पर कैसे उतारा जाए, इस पर विचार किया गया। बैठक में शहरी क्षेत्र में पीसीसी पथ का निर्माण, सफाई वाहन की मरम्मत सहित कई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में नगर प्रशासक राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, भवन प्रमंडल, परिवहन विभाग, पेयजल स्वच्छता प्रमंडल लातेहार विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गरीब व असहायों को कंबल उपलब्ध कराना पुण्य का काम : समाजसेवी

**लातेहार।** नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा के अपनी मां स्व. रंजना सिन्हा के पुण्यतिथि पर मंगलवार को अपने आवास पर 300 गरीबों व असहायों के बीच कंबल, चुड़ा, तिलकुट का वितरण किया गया। मौके पर समाज सेवी जवाहर सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है। ऐसा पुनीत कार्य करने से समाज में सौहार्द पूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल व सामग्री उपलब्ध कराने से पुण्य मिलता है। उन्होंने लोगों को ऐसे कार्यों के लिए आगे आने की अपील की। मौके पर जवाहर लाल, वार्ड नंबर 15 के निर्वतमान वार्ड पार्षद गुड़िया सिन्हा, लालमोहन सिंह, किशोर उपाध्याय, प्रदीप मांझी, ब्रजेश सिंह, प्रविण कुमार चंद्रवंशी, अनिल प्रसाद, जगेश्वर यादव, अमन राज,रिया सिन्हा, प्रिया सिन्हा, राखी सिन्हा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ड्राइविंग लाइसेंस के लिए परिवहन विभाग ने लगाया शिविर




**कुंदा (चतरा)।** दिशा की बैठक में सांसद के पहल पर चतरा जिला परिवहन कार्यालय की ओर से मंगलवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए लगभग 500 से अधिक की संख्या में आवेदन आया। सीएससी केंद्र से आवेदन को ऑनलाइन कर शिविर में पहुंचेआवेदकों से आवेदन लिया गया।आवेदन लेने के उपरांत लर्निंग की विभागीय प्रक्रिया की गई। कई आवेदकों का आरोप है कि शिविर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। शिविर में परिवहन विभाग से सिर्फ एक ऑपरेटर पहुंचे थे, जिसके कारण लगभग 100 की संख्या में आए हुए आवेदन का निष्पादन किया जा सका। लगभग 400 सौ से अधिक की संख्या में आवेदकों को पूरे दिन कतार में रहने के बावजूद भी उनका लर्निंग का प्रोसेस नहीं हो सका।

## बीसीएबी ने सांई वानटेन को 18 रनों से किया पराजित

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को सांई वानटेन बनाम बीसीएबी के बीच मैच जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीएबी ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 177 रनों का स्कोर किया। बीसीएबी के तरफ से सर्वाधिक स्कोर शुभम कुमार 44, सौरभ ने 41 रनों का योगदान दिया। सांई वानटेन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए दीपक कुमार ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सांई वानटेन सात विकेट खोकर मात्र 20 ओवर में 159 रन ही बना पाई। बीसीएबी ने सांई वानटेन को 18 रनों से हराया। सांई वानटेन के तरफ से सर्वाधिक रन प्रेम और भरत ने अपने टीम के लिए 41- 41 का योगदान दिया। बीसीएबी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शुभम कुमार ने दो विकेट लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बीसीएबी के तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शुभम कुमार को दिया गया। एंपायर की भूमिका रिशु कुमार, स्कोरर सुमित ने निभाई। मैच में एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सह सचिव आशुतोष, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा, संतोष कुमार निराला,अंकित सिंह, अखिलेश कुमार,उज्जवल कुमार सहित कई मौजूद थे।

## नाबालिग बच्चियों को परेशान करने वाला गिरफ्तार, भेजा जेल

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र में नाबालिक बच्चियों को परेशान करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कई बच्चियों के परिजन ने इसकी शिकायत मयूरहंड थाना में किया था। थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव के 46 वर्षीय राजकुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस में शिकायत के बाद मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार मयूरहंड स्टेडियम से लेकर हुसिया तक के निजी घरों में लगे सभी सीसीटीवी कैमरा को खंगाल रहे थे। सीसीटीवी की फुटेज को पुलिस अधिकारियों ने बारीकी से गहन जांच किया। इस दौरान एक व्यक्ति की पहचान की गई। पहचान के आधार व्यक्ति की गिरफ्तारी गांव से की गई। मयूरहंड पुलिस ने उक्त घटना से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कुछ दिनों से चौपारण व मयूरहंड थाना क्षेत्र के नाबालिग बच्ची के साथ उसका रिश्तेदार बताकर अपने मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया जा रहा था। दो जनवरी को शाम सात बजे मयूरहंड स्टेडियम के पास से एक नाबालिक बच्ची को उठाकर हुसिया जंगल में दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था। घटना के विरुद्ध नाबालिक बच्ची के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। कांड का उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चतरा पुलिस उपाधीक्षक अमित लकड़ा,मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार,अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की,सहायक अवर निरीक्षक राजीव कुमार की टीम गठित की गई थी। घटना में प्रयुक्त काला रंग का मोटरसाइकिल,कपड़ा समेत मोबाइल जब्त किया गया।






# परमवीर के प्रखंड के ग्रामीण नाले का पानी पीने को मजबूर, सड़क तक नहीं बनी

**सुंदरम केशरी**

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल अन्तर्गत जारी प्रखंड के सीकरी पंचायत के खूंटी टोली अंबा गढ़ा गांव में ग्रामीण आज भी नाला और चुआं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति तब है जब गांव में जल मीनार का निर्माण एक साल पहले हुआ था, लेकिन वह अब खराब पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार के निर्माण के बाद से इसे मेंटेन करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

**●चुआं का पानी पीने में विवश है ग्रामीणों**

गांव में करीब 15 परिवार निवास करते हैं, और पेयजल की गंभीर कमी के कारण उन्हें 500 मीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। इस चुआं का पानी न केवल ग्रामीणों के लिए बल्कि उनके मवेशियों के लिए भी उपयोगी है, लेकिन इसके कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीण महिलाओं को पीने का पानी और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भी काफी दूर से पानी ढोना पड़ता है, जो उनके लिए एक बड़ा चुनौती बन गया है।

**●गांव के लिए कोई पक्की सड़क नहीं बनाई गई**

गांव की सड़क से दूरी 1 किलोमीटर है, लेकिन अब तक गांव के लिए कोई पक्की सड़क नहीं बनाई गई है। बरसात के मौसम में गांव में जाने के लिए मार्ग पूरी तरह से बंद हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**●राजनीतिक आश्वासन**

ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता गांव में आते हैं, पानी और सड़क की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन देकर वोट मांगते हैं, लेकिन चुनाव के बाद वे गांव की ओर मुड़कर भी नहीं देखते। गांव के कई ग्रामीण, जिनमें मन कुंवर महतो, गोवर्धन महतो, राजू महतो, जानकी देवी, सनमइत देवी और सोनामुनी देवी शामिल हैं, ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## चैनपुर में ठंड से बेहाल लोग प्रशासन ने की अलाव की व्यवस्था




**चैनपुर।** 7 जनवरी को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सर्दी ने लोगों को परेशान कर दिया है। ठंड के कारण शाम सात बजे के बाद कई प्रतिष्ठान बंद हो रहे हैं और लोग अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इस स्थिति के बारे में राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुख खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद प्रखंड प्रशासन ने ठंड से राहत के लिए चैनपुर मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है। हाल के दिनों में ठंड की तीव्रता में वृद्धि ने आम जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।हर साल सर्दियों में प्रखंड प्रशासन द्वारा कंबल वितरण की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस बार जनवरी के महीने में भी अभी तक कंबल का वितरण नहीं किया गया है। इससे जरूरतमंद लोगों और बुजुर्गों में गहरी चिंता देखने को मिल रही है। प्रशासन की अलाव व्यवस्था ने कुछ राहत प्रदान की है, लेकिन ठंड के बढ़ते प्रकोप के बीच कंबल वितरण की आवश्यकता अब पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।

## बालू के अवैध उठाव के विरुद्ध मामला दर्ज



**बसिया(गुमला)।** बसिया से होकर दक्षिणी कोयल नदी गुजरती है। नदी की यह धारा बेशुमार बालू के लिए भी जाना जाता है। इसी बालू के कारण इस नदी की जान सांसत में है और बालू के अवैध कारोबार का यह एक बड़ा केन्द्र बनकर उभर रहा है। इस अवैध कारोबार की सूचना प्रशासन को भी है और मिल रही शिकायतों के बाद बसिया के अंचलाधिकारी ने बड़ी करवाई करते हुए कोयल नदी के सुकुरडा घाट से भारी मात्रा में बालू की चोरी करने और डम्प करने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ बसिया थाने में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले के अनुसार सुकुरडा घाट से बालू उठाव हेतु बंदोबस्ती या अनुज्ञप्ति खनन विभाग से निर्गत नहीं हुआ है। ऐसे में यहां से बालू का उठाव और इसकी जमाखोरी को अवैध व चोरी का मामला बताते हुए उन्होंने इसे सरकारी राजस्व की चोरी का मामला बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी की शिकायत पर बालू चोरी एवं डंप करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 के नियम 04 एवं 54 सहित विभिन्न सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## निजी स्कूलों का रांची में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन, सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश

**गुमला।** झारखंड सरकार द्वारा निजी विद्यालयों पर दमनकारी आदेशों के तहत स्कूलों को बंद करने के सरकारी फरमान के खिलाफ नेशनल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रांची द्वारा कल, 8 जनवरी, बुधवार को पूर्वाहन 11 बजे से राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। धरने का उद्देश्य सरकार पर दबाव बनाकर सभी निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए बाध्य करना है। सभी निजी स्कूल संचालकों और प्राचार्यों से अपील की गई है कि वे अपने परिचितों, स्टाफ के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल हों। एसोसिएशन ने इस आंदोलन को एकजुटता और आवाज उठाने का जरिया बताया है, ताकि सरकार को यह एहसास हो सके कि निजी विद्यालयों का योगदान शिक्षा क्षेत्र में कितना महत्वपूर्ण है।

## रविदास समाज की बैठक में गणतंत्र दिवस पर विशेष कार्यक्रम की योजना

**गुमला।** सिसई थाना मैदान में रविदास समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भीम टाईगर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोची ने की। बैठक में आगामी 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली से आ रहे विशेष मेहमानों के स्वागत की योजना पर चर्चा की गई, खासकर डॉ. सतीश बौद्ध जी के संबोधन को लेकर। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने इस ऐतिहासिक पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने आदिवासी, ओबीसी और पिछड़ा वर्ग के लोगों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में अम्बेडकर चौक पर इकट्ठा होकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करें और भारतीय संविधान के निमार्ता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें। समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर समाज के कल्याण और प्रगति के लिए संकल्प लें। कार्यक्रम में नदकिशोर राम, विक्रम दास, भूषण राम, राजु राम, नितेश उरांव, पंचम राम, छोटू उरांव, गजेन्द्र राम, सुभाष उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लेवी वसूली के मामले में दो गिरफ्तार जेल भेजे गए

**गुमला।** डुमरी थाना पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) चैनपुर के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए लेवी वसूली के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डुमरी के व्यवसायी राजेश केशरी की शिकायत पर 2 जनवरी को दर्ज मामले में यह कार्रवाई की गई। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी हेमंत गुप्ता ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने एक होटल की महिला का फोन चुराया और उसका सिम कार्ड निकालकर फोन लौटा दिया था। 2020 में जेल में उसकी मुलाकात पहाड़ी चीता नक्सली संगठन के एरिया कमांडर रामावतार साहू से हुई थी। जेल से रिहा होने के बाद रामावतार से फिर टांगीनाथ धाम में मुलाकात हुई, जहां लेवी वसूलने की योजना बनाई गई। 2 जनवरी को गुमला के टावर चौक पर दोनों आरोपियों ने मिलकर डुमरी के व्यवसायी राजेश केशरी, संदीप गुप्ता और जून उरांव से फर्जी सिम कार्ड के जरिए पीएलएफआई संगठन के नाम पर लेवी की मांग की और जान से मारने की धमकी दी।

## गुमला में समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गुमला।** गुमला के विकास भारती बिशुनपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा 7 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 तक समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी श्रीमती माधुरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से किसानों को उन्नत तकनीक और खाद की उपयोगिता बढ़ाने की जानकारी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में लैंप्स के माध्यम से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता में सुधार होगा।

## उपायुक्त ने सड़क जीर्णोद्धार का दिया निर्देश, लोगों ने जताया आभार



**बसिया(गुमला)।** बसिया के ओकबा पंचायत के जागरण क्लब के अध्यक्ष ईश्वर गोप ने आज उपायुक्त के द्वारा आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत कार्यक्रम के दौरान सिसई-बसिया मुख्य सड़क से ममरला कब्रिस्तान होते हुए बोंगालोया गांव तक जर्जर सड़क के तत्काल मरम्मत की मांग की गई। इस सड़क के जर्जर होने के कारण कई गांवों के ग्रामीणों के लिए मुख्य पथ तक का सफर दुभर बना हुआ है। इस शिकायत पर उपायुक्त ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को पत्र जारी कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का मौके पर ही निर्देश दिया। बताते चलें कि यहाँ के ग्रामीण लंबे अरसे से इस पथ के जीर्णोद्धार की मांग करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं, गत दो चुनावों में भी सड़क जीर्णोद्धार का यह मामला यहाँ चुनावी मुद्दा बनकर सामने आया परन्तु अभी तक इसका कोई निराकरण नहीं निकल सका। अब जबकि उपायुक्त ने इस समस्या के त्वरित निष्पादन का निर्देश जारी किया है तब कार्यवाही की यह बात जंगल की आग की तरह पूरे क्षेत्र में पसर गई है।

## रांची के अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन के नाम पर 50 हजार रुपए की ठगी, भरनो थाने में मामला दर्ज

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र स्थित बूढ़ीपाठ गांव निवासी मोहन दास के 8 साल के बेटे सूर्य दास का पत्थरी का ऑपरेशन रांची के हाजी चौक स्थित मां पार्वती अस्पताल में बीते 25 दिसंबर को आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया था। हालांकि, अस्पताल में तैनात दलाल ज्ञान सिंह ने बच्चे के माता-पिता से ऑपरेशन का खर्च बताकर 50 हजार रुपए की राशि ठग ली। बेचारे परिजनों ने अपने बच्चे की तकलीफ को देख बिना सोचें उसे पैसे दे दिए, जिसमें मोहन दास की भाभी उर्मिला देवी ने भी मदद की थी। अस्पताल में बताया गया कि बच्चे का पत्थरी के साथ-साथ किडनी का ऑपरेशन भी किया जाएगा। लेकिन ऑपरेशन के बाद जब अस्पताल प्रशासन से शुल्क के बारे में पूछा गया, तो अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि आयुष्मान योजना में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। इससे आहत परिजनों ने मंगलवार को भरनो थाना में शिकायत दर्ज कराई, जहां एसडीपीओ सुरेश यादव ने मामले को गंभीरता से लिया और थाना प्रभारी कंचन प्रजापति को निर्देश देते हुए पीड़ित से आवेदन लेकर कार्रवाई करने की बात कही। यह घटना अस्पताल में भ्रष्टाचार और ठगी के एक बड़े मामले की ओर इशारा करती है।


### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**जलाशय बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले के विभिन्न अंचलों में अवस्थित जलाशयों में मत्स्य पालन हेतु स्थानीय विस्थापितों को मछली पालन से जोड़ने तथा उनके आर्थिक उन्नयन के लिए जलाशयों की बन्दोबस्ती विभागीय संकल्प संख्या 1575 दिनांक 09.11.2017 के आलोक में स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/विस्थापितों के स्वयं सहायता समूह (SHG) के साथ किया जाना है। जलाशयों की सूची निम्नवत् है–

जलाशय की विवरणी

| क्र0 सं0 | जलाशय का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | जलक्षेत्र (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अन्नराज जलाशय | नवाडीह | गढ़वा | 302 |
| 2 | चिरका जलाशय | चिरका | चिनियॉ | 130 |
| 3 | पनघटवा जलाशय | पनघटवा | धुरकी | 265 |
| 4 | विशुनिया मध्यम सिचाई योजना | विशुनिया | धुरकी | 29.00 |
| 5 | चौरिया मध्यम सिचाई योजना | चौरिया | भवनाथपुर | 12.00 |
| 6 | पुरानपानी मध्यम सिचाई योजना | खजुरी कजा | भण्डरिया | 10.63 |
| 7 | चौरासी मध्यम सिचाई योजना | अरसली | भवनाथपुर | 11.80 |
| 8 | चना मध्यम सिचाई योजना | चना | रमना | 12.00 |
| 9 | गोरानाला मध्यम सिचाई योजना | गुर्दी | गढ़वा | 32.00 |

उक्त जलाशयों के अतिरिक्त 28 जलाशय की बन्दोबस्ती किया जाना है जिसका जलक्षेत्र 10.00 हे0 से कम है को कार्यालय के सूचना पट्ट देखा जा सकता है। अतः विस्थापितों को मछली पालन से जोड़ने तथा स्व0–रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जलाशय के समीप स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/विस्थापितों के स्वयं सहायता समूह जलाशय की बन्दोबस्ती प्राप्त करने के लिए दिनांक 20.01.2025 तक अपना प्रस्ताव निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में समर्पित करना सुनिश्चित करें।

**आवश्यक दस्तावेज निम्नलिखित है :–**

1. जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा/सहायक निबंधक सहयोग समितियॉ, गढ़वा के द्वारा स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन
3. बन्दोबस्ती हेतु आम सभा की बैठक से पारित प्रस्ताव वाली कार्यवाही की प्रति।
4. समिति के पास राजस्व बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र।
5. समिति के सदस्यों की सूची।
6. समिति आम सभा की बैठक, कार्यकरिणी समिति का चुनाव समय पर होने की सम्पुष्टि।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 343646 Fish(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल, मेदिनीनगर
Email-waterwaysdiv.003@gmail.com

पत्रांक............... मेदिनीनगर दिनांक..............

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा जलपथ प्रमंडल मेदिनीनगर के कार्यालय में पूर्व में पदस्थापित रहे अभियंतागण/पदाधिकारीगण जिनकी विवरणी निम्नवत् है, के नाम एवं पदनाम के सम्मुख अंकित असमायोजित अस्थाई अग्रिम की राशि एवं अग्रदाय अग्रिम की राशि जो वर्षो से कार्य रोकड़ बही में लंबित चली आ रही है, के संबंध में पूर्व में भी प्रेष विज्ञप्ति के माध्यम से असमायोजित अग्रिम राशि के धारको को समायोजन करने हेतु सूचित किया गया है, परन्तु आज तक निम्न वर्णित अभियंतागणों एवं पदाधिकारीगण के द्वारा अग्रिम राशि के समायोजन करने के दिशा में कोई भी पहल नहीं किया गया है, जो खेद जनक है। अतः पूनः सूचित किया जाता है कि नाम एवं पदनाम के सम्मुख अंकित असमायोजित अस्थाई अग्रिम की राशि, अग्रदाय अग्रिम की राशि का समायोजन करने के दिशा में यथाशीघ्र कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**लंबित अस्थाई अग्रिम की राशि की विवरणी**

| क्र0सं | पदाधिकारी का नाम | पदनाम | अवर प्रमंडल का नाम | अग्रिम की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री आर0 सी0 राय | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | डालटनगंज | 40280.85 |
| 2 | वी के0 सिंह | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | छत्तरपुर | 48073.05 |
| 3 | मो0 जाकिर हुसैन | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | चंदवा | 12519.49 |
| 4 | वी0के0 वर्मा | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | मलय षीर्ष | 20407.50 |
| 5 | वी0के0 सिंह | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | नगर ऊँटारी | 1800.00 |
| 6 | आर0 एस0 त्रिवेदी | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | मलय शीर्ष | 502.00 |
| 7 | आर0 के0 सिंह | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | डालटनगंज | 1000.00 |
| 8 | बी0डी0 तॉंती | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | मलय शीर्ष | 439648.70 |
| 9 | एस0 एस0 पाण्डे | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | छत्तरपुर | 71946.00 |
| 10 | भरत प्रसाद सिंह | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | चंदवा | 24419.20 |
| 11 | के0 पी0 चौधरी | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | छत्तरपुर | 46460.06 |
| 12 | एस0 के0 सिंह | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | चंदवा | 59781.52 |
| 13 | श्री आई0 एस0 झा0 | | नगर ऊँटारी | 182565.72 |
| 14 | कार्य0 अभियंता उत्तर कोयल एवं भण्डार शिविर प्रमंडल | | बरवाडिह | 1000.00 |
| 15 | विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी | | डालटनगंज | 8000.00 |
| 16 | श्री शरत चन्द्र प्रसाद सिन्हा | | छत्तरपुर | 4159.91 |
| 17 | कार्यपालक अभियंता सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल | | रॉंची | 215369.20 |
| 18 | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | जलपथ अवर प्रमंडल | लातेहार | 96.62 |
| 19 | मो0 नसीम अहमद | सहायक अभियंता यांत्रिक | लातेहार | 12344.15 |
| 20 | श्री श्याम जी उपाध्याय | प्राक्कलन पदाधिकारी | लातेहार | 13660.46 |
| 21 | डी0 एस0 सिंह | सहायक अभियंता | लातेहार | 63747.32 |
| 22 | वी0 एस0 सिंह | कनीय अभियंता | लातेहार | 1000.00 |
| 23 | चंद्रमा सिंह | सहायक अभियंता | लातेहार | 1500.00 |
| | | | कुल राशि | 1270642.18 |

**अग्रदाय अग्रिम की विवरणी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री श्याम जी उपाध्याय | प्राक्कलन पदाधिकारी | लातेहार | 1000.00 |
| 2 | श्री शरत चन्द्र प्रसाद सिन्हा | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | छत्तरपुर | 1000.00 |
| 3 | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | जलपथ अवर प्रमंडल | लातेहार | 1000.00 |
| | | | कुल राशि | 3000.00 |

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल मेदिनीनगर

PR 343644 (District) 24-25 (D)

### कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार तेतराई के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2025 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तेतराई हाट | पॉंकी | 16-01-2025 | मध्याहन–12:00 बजे से | 192000.00 | 19200.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.01.2025 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या–7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.343641 District(24-25):D

### कार्यालय– जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार
संयुक्त कृशि भवन, किनामाड़ लातेहार– 829206
E-Mail Id- Dholatehar2020@rediffmail.com

**अति अल्पकालीन उद्वरण सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार के अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2024-25 में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत जिला–लातेहार शहर एवं उसके आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहॉं स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक 08.01.2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 15.01.2025 के अपराहन 05:00 बजे तक दर हेतु उद्वरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक 16.01.2025 के अपराहन 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्वरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित समिति के उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार में खोला जायेगा।

**Technical Bid**

**Following documents are required for qualifying in technical bid to be submitted along with part-I technical bid. In no case document will be accepted after opening of EOI/RFP/RFE**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/Agency/Govt. or Non-Govt. Organisation/ Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least two year experience in the field of gardening or land scaping or roof top/terrace or horticulture related work. Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The last three year average annual turnover of the agency/firm must not less than Rs. 10.00 Lakh, Audited Balance sheet along with the I.T Return for the last three financial year should he attached along with E.O.I/RFP. RFP.
VI. An affidavit on Non judicial stamp paper that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.
VII. The agency/firm should furnish earnest money deposit of rupees 50,000.00 (fifty thousand) only in the form of bank draft in favour of District Horticulture officer Latehar, payable at latehar

**Financial Bid**

1. Financial bid should be submitted for each and every components mentioned in Annexure-VI in closed envelop clearly mentioning financial bid and agency name on the envelop
2. Tender document and list of plants, material, pot etc is mentioned in Annexure-VI which can be downloaded from www.atmalatehar.in

Note:- For any query one may contact District Horticulture Office, Latehar (Mob No. 8294871692)

PR 343674 Agriculture(24-25)D
District Horticulture Officer, Latehar

### कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

**दिनांक 10.01.2025 एवं 11.01.2025 को शिविर लगने वाली ग्रामो की सूची निम्नवत् है–**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | पदाधिकारी/कर्मचारियों का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विश्रामपुर | लालगढ़ | पंजरी खुर्द | डॉ0 जितेन्द्र कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विश्रामपुर |
| 2 | पाण्डू | महुगॉवा | महुगॉवा | |
| 3 | ऊँटारी | मुरमा खुर्द | मलवरिया | |
| 4 | लेस्लीगंज | जुरू | तुरकाडीह | डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज। |
| 5 | नौडिहा बाजार | शाहपुर | शाहपुर | डॉ0 संदीप कुमार उपाध्याय, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लेस्लीगंज। |
| 6 | चैनपुर | बुडीबीर | बुडीबीर | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार , भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर |
| 7 | मनातू | डुमरी | डूरी | डॉ0 तौफिक अहमद, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतबरवा। |
| 8 | तरहसी | उदयपुरा – 1 | नवाडीह | डॉ0 संदीप कुमार उपाध्याय, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लेस्लीगंज। |
| 9 | नावा बाजार | रजहरा | चेचनहा | डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पांकी। |
| 10 | पण्डवा | पड़वा | लोहडी | डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, पशु शल्य चिकित्सक, पलामू। |
| 11 | पाटन | सगुना | टडवा | डॉ0 मनीषा (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी) पाटन |
| 12 | हुसैनाबाद | दरूआ बेनी | कठौन्धा कला | डॉ0 शाहिद इकबाल (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुसैनाबाद) |
| 13 | मोहम्मदगंज | लटपौरी | लटपौरी | डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हैदनगर)। |
| 14 | हैदरनगर | सडेया | पतरिया | |
| 15 | छतरपुर | काला पहाड | काला पहाड | डॉ0 शाहिद इकबाल (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुसैनाबाद)। |
| 16 | छतरपुर | चीरू | डडटुटा | डॉ0 अनुप विलियम लकड़ा (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर)। |
| 17 | हरिहगंज | खडकपुर | कटकोभा | डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, पशु शल्य चिकित्सक, सदर मेदिनीनगर। |
| 18 | पीपरा | बभण्डी | बभण्डी | |
| 19 | पांकी | सुडी | पिपरा | डॉ0 रजत सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, पांकी। |
| 20 | सतबरवा | धुटुवा | धुटुवा | डॉ0 तौफिक अहमद, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतबरवा। |
| 21 | सदर मेदिनीनगर | कौडिया | चुकरू | डॉ0 अनुप विलियम लकड़ा (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर) |

1 शिविर का आयोजना सुबह 09:00 बजे से दोपरहर 03:00 बजे तक किया जायेगा।
2 शिविर का आयोजन संबंधित पशुचिकित्सक के निगरानी में किया जाना है एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू उसका औचिक निरिक्षण करेंगे।
3 शिविर में पशुपालकों द्वारा लाये गये पशु एवं पशुपालको का फोटोग्राफ उपलब्ध कराया जायेगा।
4 कुक्कुट, भेंड, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार टीकारकण किया जाये।
5 उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर, फीड सप्लीमेंट, कृमि नाशक इत्यादि दवा का वितरण करना।
6 पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी दिशा–निर्देश एवं तत्संबंधी पम्पलेट/सुचना पत्र का वितरण किया जाये।
7 पशुओं के बांझपन, गर्भ का जॉच एवं चिकित्सा किया जाये।
8 राज्य एवं केन्द्र द्वारा पशुपालन विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के नियमों से ग्रामीणों को अवगत कराना।
9 विभिन्न प्रकार के सैम्पल –खून, गोबर, मूत्र आदि जमा कर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान कॉके रॉंची से विशेष जॉच करवाने हेतु जिला पशुपालन कार्यालय को उपलब्ध करवाना।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 343634 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

जब कोई परिस्थिति मुझे अत्यधिक कठिन प्रतीत होती है और मैं उससे बचने के लिये मानसिक रूप से कोई रास्ता ढूँढ़ने का प्रयत्न करती हूँ, तब मैं सदा इस सत्य को याद करती हूँ। मैं तब विचार करती हूँ: मैं पलायन कर रही हूँ, विजय प्राप्त नहीं कर रही। - **श्री ज्ञानमाता**



संपादकीय

## भारत की वीआईपी संस्कृति की गहरी जड़ें

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्री मंजुनाथ स्वामी में पूजा करने वाले भक्तों के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए श्री सानिध्य परिसर का उद्घाटन करने के लिए मंगलवार को कर्नाटक में श्री क्षेत्र धर्मस्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक स्थानों पर वीआईपी संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हाल के वर्षों में एक सुखद बदलाव बुनियादी ढाँचे का विकास रहा है जो हमारे धार्मिक स्थानों के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी सराहना की जानी चाहिए क्योंकि ये हमारे सभ्यतागत मूल्यों के भी केंद्र हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें धार्मिक संस्थानों में समानता के विचार को फिर से स्थापित करना चाहिए। जब प्राथमिकता दी जाती है, जब किसी को प्राथमिकता दी जाती है, जब हम इसे वीवीआईपी या वीआईपी के रूप में लेबल करते हैं, तो यह समानता की अवधारणा को कमजोर करता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वीआईपी संस्कृति एक विपथन है, समानता के आधार पर देखा जाए तो यह एक घुसपैठ है। इसका समाज में तो क्या धार्मिक स्थलों में भी कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि सर्वकालिक महान व्यक्ति के नेतृत्व में यह धर्मस्थल समतावाद का उदाहरण बनेगा और हमें सर्वकालिक वीआईपी संस्कृति से दूर रहना होगा। वीआईपी दर्शन का विचार ही देवत्व के विरुद्ध है। इसे खत्म किया जाना चाहिए। नई सुविधा की परिकल्पना डी वीरेंद्र हेगड़े ने की है और यह दर्शन के इच्छुक भक्तों के लिए मौजूदा कतार प्रणाली का एक उन्नत प्रतिस्थापन है। मंदिर प्रबंधन ने कहा कि श्रीक्षेत्र धर्मस्थल में प्रारंभिक कतार प्रणाली दशकों पहले शुरू की गई थी, लेकिन धार्मिक स्थल पर भक्तों की बढ़ती संख्या के कारण प्रतीक्षा अवधि लंबी हो गई। उपराष्ट्रपति के कथन से देश में एक नई बहस शुरू हो सकती है कि क्या वीआईपी वीवीआईपी और सामान्य लोगों के लिए एक नियम बनाए जा सकते हैं? यहां सारी लड़ाई या राजनीति के दांव पेंच अपने को आम आदमी से अलग श्रेष्ठ बनाने के लिए की जाती है ऐसे में मंदिर या किसी भी धार्मिक स्थल में समानता की अवधारणा इतनी आसानी से लागू हो पाएगी। पहले से ही मंत्री से लेकर संतरी तक लाल पीली और नीली बत्ती हटाए जाने के बाद से असहज हैं और पीएम मोदी से नाराज भी हैं कि पूरे देश से वीआईपी संस्कृति को हटा कर उन्हें राजा से रंक की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया है। दरअसल सामान्य परिवारों से लेकर धनाढ्य तक और मामूली कार्यकताओं से लेकर बड़े नेताओं तक सभी खास बनना चाहते हैं और जिन्हें किसी जुगाड़ से वीआईपी टैग नहीं मिलता वे निजी सुरक्षा गार्ड रखकर या बेहिसाब पैसे खर्च कर या पैसे चंदा के रूप में देकर वैसी स्थिति बना लेते हैं। फिल्मों से जुड़े लोगों और बड़े व्यवसायियों के बारे में प्रचारित किया जाता है कि उन्हें सुरक्षा कारणों से वीआईपी दर्शन कराना पड़ेगा या बिना भीड़ के यात्रा को रोककर दर्शन नहीं कराने से अप्रिय घटना हो सकती है। इसी प्रकार भारत में वोट की ताकत के बलबूते कुछ लोगों को वीआईपी का दर्जा अघोषित रूप से मिल जाता है जिसमें कथित धार्मिक गुरु,जातीय संगठनों के प्रमुख और माओवादी तक शामिल हैं जिन्हें जेल से लेकर हर सार्वजनिक स्थान तक वीआईपी माना जाता है। इस श्रेणी में वर्तमान और पूर्व अपराधी या डाकू,स्मगलर तक शामिल हैं जिन्हें अघोषित वीआईपी का दर्जा मिलता है और वे बड़े शान से अपने वैभव का प्रदर्शन करते हुए सामान्य लोगों को न सिर्फ चिढ़ाते हैं बल्कि प्रेरित करते हैं कि किसी भी तरह वीआईपी बनो भले हार जाओ पर चुनाव लड़ो।

# हमारा सबसे अच्छा दिन आज ही है!



इस जगत में कुछ भी रुकता नही है। हमारे जीने के वर्षों की गणना संभव है, लेकिन जीवन उन वर्ष में सिमटा नहीं होता है। जीवन बस अभी के पल को अर्थपूर्ण जीने और बनाने में है। यह क्षण ही जीवन है। जीवन प्रतिपल है। हमने अगर उस पल को खो दिया, तो पल-पल के साथ दिन, साल और अंततः जीवन भी खो देते हैं। यही प्रकृति का नियम है कि जो अभी है वह कुछ देर बाद नहीं होगा। सुबह का फूल शाम को मुरझा जाता है, यद्यपि वह पेड़ से जुड़ा होता है। इसी प्रकार जीवन में बूंद-बूंद सुख आते हैं, इकटठा सुख कभी नहीं बरसता है। सब कुछ बूंद-बूंद मिलता है। बस उसको ही स्वीकार करना होता है। एक पल ही अपना है, वहीं हमारे हाथ में आता है, फिर वह हमारे साथ नहीं रहता है। सुख बस उस क्षण को पूर्णतः में जीना है। उस पल को पीना है। हम विराट की आशा करते है, और लघुता से असहमति जताते हैं। हमारी चाहत शाश्वत सुख की होती है और उस सुख के क्षण में स्थिर होना नहीं चाहते हैं। हम हर पल को नष्ट करते हुए शाश्वत को दूर करते जाते हैं।

सुख क्षणिक है। उस पल की स्थिरता में ही शाश्वत का दर्शन है, उसमें ही विराट की अनुभूति है। कल जो बीत गया, वहीं श्रेष्ठ था। हमने उसे क्षणिकता में छोड़ दिया। सुख प्रतिपल है। जो सुख मैंने बीते कालखंड में बिताया, उसे अब दुबारा कहां पाया जा सकता है? समय का सवाल उस सुख को अब सपना बना दिया है। उन सुनहरे पल के साथ सुख की धारा चली थी, संगीत की लहर बही थीं और परिवेश में एक मादक प्यास का आलम था। आज सब खत्म हो गया। ऐसे पल में एक पंक्ति याद आती है-कभी कभी दो लम्हों का साथ जिंदगी का प्रेम दे जाता है। और कभी-कभी जिंदगी भर का साथ भी दो लम्हों का सुकून नहीं दे पाता है। हमारी सुख हमारी इंद्रियों का मोहताज है। हमारी तार्किक बुद्धि हरेक सुख को दुखद अंत में बदल डालती है। हम अपने सुख की निंदा करते हैं। प्रेम की, मित्रता की, भोजन की और अपने शरीर की भी निंदा से नहीं चुकते हैं। वर्तमान का जीवन दुखी जीवन है जिसमें सुख के कोई पल नहीं है। बगीचा में ओस की बूंदों के कारण चमकने वाले फूल की पंखुड़ियां सदैव वैसी नहीं रहती है। इस कारण हम फूल के सौंदर्य को इंकार नहीं कर सकते हैं। ऐसा फूल नहीं मिलेगा, जो खिला रहे।

शक्ति क्षण में ही नीहित है। इस पर प्रख्यात लेखक द्वय स्विच और मेड टू स्टिक ने एक किताब लिखी है, जिसका नाम है- दी पावर ऑफ मोमेंट। इसमें उन्होने इस का पता लगाया है कि कुछ संक्षिप्त अनुभव हमें कैसे झकझोर सकते हैं, हमें ऊपर उठा सकते हैं और हमें बदल सकते हैं - और हम अपने जीवन और काम में ऐसे असाधारण क्षणों का निर्माण कैसे कर सकते हैं। जबकि मानव जीवन अंतहीन रूप से परिवर्तनशील है। हमारे जीवन में क्षण भी निर्णायक हो सकते है। इस किताब में बताया गया है कि हमारे सबसे यादगार सकारात्मक क्षणों में चार तत्व हावी होते हैं- उत्थान, अंतर्दृष्टि, गर्व और संबंध। यदि हम इन तत्वों को अपनाते हैं, तो हम और अधिक महत्वपूर्ण क्षणों को याद कर सकते हैं। क्यों हम किसी अनुभव के सबसे अच्छे या सबसे बुरे पल को याद रखते हैं, साथ ही अंतिम पल को भी, और बाकी को भूल जाते हैं ? क्यों जब चीजें निश्चित होती हैं तो हम सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, लेकिन जब वे निश्चित नहीं होती हैं तो हम सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं। और क्यों हमारी सबसे प्रिय यादें हमारी युवावस्था के दौरान एक संक्षिप्त अवधि में एकत्रित होती हैं ? हममें से अधिकतर लोग जीवन को अपने से दूर जाने देते हैं। हम जीते नहीं। हम बस मौजूद रहते हैं, लेकिन सवाल जरूर करते है कि समय नहीं मिलता है ! काफी व्यस्त जिंदगी है। अगर हम हर पल का सबसे अच्छा उपयोग करते हैं तो ही जीवन सफल बनता है। हमारे जीवन में कई निर्णायक क्षण संयोग या दुर्भाग्य के परिणाम होते हैं - लेकिन हम अपने सबसे सार्थक, यादगार और ऊर्वर क्षणों को संयोग पर क्यों छोड़ना चाहेंगे! सभी क्षण समान नहीं होते हैं तो सभी क्षण में से कुछेक की यादें हमारे साथ चलती है। हमारी स्मृति उन्हीं क्षण को याद रखती है जो हमारे जीवन में अर्थपूर्ण होते हैं, ऊंचाई की ओर ले जाते है या हमका दुख का कारण बन जाते हैं। हम किसी क्षण को तभी अर्थपूर्ण बना पायेंगे, जब हमारी अंतर्दृष्टि सहज रहेगी। अंतर्दृष्टि सहज होने पर हमारा नजरिया बदल जाता है और जीवन जीने के तरीके में भी बदलाव आ जाता है। ऐसी स्थिति में हम खुद सत्य को जानते हैं उसके साथ रहना पसंद करते हैं। यह सकारात्मकता को बढ़ता है और दूसरों की पहचान में मदद करता है। कभी-कभी मोमेंट के कुछेक शब्द ही जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। परिवर्तन उसी क्षण संभव है जब हम चीजों की वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार कर लेते हैं, जैसी वे हैं। भविष्य चिंता, पछतावा, योजना, दिवास्वप्न आदि चरित्रगत बातों को छोड़ना सीख सकं तो हमारी दुनिया अधिक सरल, दयालु और आकर्षक बन जायेगी। वर्तमान क्षण से हमारा क्या तात्पर्य है? हम पहले से ही मान लेते हैं कि हमें पता है कि क्या होना है, जबकि यह ऐसा नहीं है। वर्तमान क्षण पर ध्यान देने का एक तरीका है अतीत और भविष्य को छोड़ देना। हरिवंश राय बच्चन की कविता है- जो बीत गईं सो बात गईं...। इस बात पर चिंतन करते हुए ज्ञान बोध के साथ स्वयं आगे बढ़े, न कि हम अतीत की ओर देखें? टेरेसा अमाबिले और स्टीवन क्रेमर ने द प्रोग्रेस प्रिंसिपल में बताया है कि कार्य के दौरान खुशी, जुड़ाव और रचनात्मकता को उर्वर बनाने के लिए छोटी जीत या खुशी का उपयोग करना चाहिए। प्रगति को सक्षम करने वाली दो शक्तियों को सक्रिय करना होता है। पहली शक्ति उत्प्रेरक है, जो सीधे कार्य को सुविधाजनक बनाती हैं। दूसर तत्व पोषक है। पारस्परिक घटनाएँ जो लोगों का उत्थान करती हैं, जिसमें प्रोत्साहन और सम्मान और सहकारिता का प्रदर्शन शामिल है। दूसरों को पहचानें, तो कभी-कभी कुछ सकारात्मक शब्द ही प्राप्तकर्ता के लिए गर्व का बड़ा क्षण बन सकते हैं। समय में रिश्तों को मजबूत करने की शक्ति होती हैं। एक सार्थक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करना शक्तिशाली हो सकता है। इसमें रोचक कहानी, प्रेरणा और खट्टे मीठे अनुभव होते हैं, जो जीवन में शक्तिशाली क्षणों को बार-बार लाते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात



डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

देश की बात

## क्या चीन में फैला है जानलेवा वायरस?



राकेश दुबे

सारी दुनिया में चर्चा है कि चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है। चीन खामोश है। क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा? भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या यह संगठन पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है? भारत का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में 'ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर ही पुष्टि हुई है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का सैलाब उमड़ा है। लोगों ने मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई भी आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। उसका यह रवैया नवंबर, 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस, चीन के ही वुहान शहर में सामने आया था। तब उसे 'रहस्यमयी निमोनिया' करार दिया गया था। चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को 'अभूतपूर्व' माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आपकी बात


## क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स



डॉ. आर.के. सिन्हा

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम हैं। दरअसल, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ. तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ. तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं।

## अनिश्चित संसार में सुरक्षा




श्री श्री परमहंस योगानंद

सभी आत्माओं को उन ईश्वर में वापस लाने की, मानव जाति के लिए ईश्वर की योजना को समझने का प्रयास करें, और उनकी इच्छा के अनुरूप कार्य करें। ईश्वर प्रेम हैं; उनकी सृष्टि की योजना केवल प्रेम में ही आधारित हो सकती है। क्या पाण्डित्यपूर्ण तर्कों की अपेक्षा यह साधारण विचार मानव हृदय को सान्त्वना नहीं देता? प्रत्येक वह सन्त जिसने परमसत्य के मर्म को पूर्णतः समझा है, प्रमाणित करता है कि एक दिव्य सर्वजनीन योजना विद्यमान है, जो सुन्दर एवं आनन्द से भरपूर है। जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं; तटस्थ रूप में नहीं, अपितु सगे भाइयों की तरह, एक ही पिता की सन्तान के रूप में। जान ले कि सभी जातियों की नसों में एक ही जीवन-रक्त संचारित हो रहा है। जब सभी में ईश्वर विद्यमान हैं और श्वास लेते हैं तो कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से, चाहे वह किसी भी जाति का हो, घृणा कैसे कर सकता है? हम केवल कुछ ही वर्षों के लिए अमरीकी, हिन्दू या किसी अन्य राष्ट्रीयता से सम्बन्ध रखते हैं, परन्तु हम ईश्वर की सन्तान सदा के लिए हैं।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से



Ram Trilok Yadav · Follow
2d
~रामधारी सिंह दिनकर.......... 100✍
.... See more

आरती लिए तू किसे
ढूँढ़ता है मूरख,
मन्दिरों, राजप्रासादों में,
तहखानों में?
देवता कहीं सड़कों
पर गिट्टी तोड़ रहे,
देवता मिलेंगे खेतों में, खलिहानों में ।
- रामधारी सिंह दिनकर

Shekhar Raj + 5.3k · 207 comments · 634 shares

X से



साहित्य संचय · Follow
6d
अनुभव वो कंघी है
#sahitysanchay #साहित्यसंचय #arvindadhar
#trandingquotes #quotesdaily #quo... See more

अनुभव वो कंघी है जो जिंदगी,
आपको तब देती है, जब आप गंजे
हो जाते.!
~चीनी कहावत
साहित्य संचय

2.7k · 26 comments · 243 shares

आज का दोहा

**सावधान हो देवता, ओ! मौसम मारीच।**
**एक बगावत सी हुई, है, ऋतुओं के बीच।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

प्रवासी भारतीय दिवस

## नए भारत के निर्माण में प्रवासी भारतीयों की शक्ति लगे



ललित गर्ग




प्रवासी भारतीय दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए हर साल 9 जनवरी को मनाया जाता है। 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी, सबसे बड़े प्रवासी के रूप में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट थे और भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया। यह दिवस भारत सरकार का एक प्रमुख, दूरगामी एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम है, जो विदेशों में बसे भारतीयों को भारत के साथ जोड़ने और आपस में संवाद करने का एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष का 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी 2025 के बीच ओडिशा राज्य सरकार के सहयोग से भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस दिवस की थीम है ह्वविकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदानह्व। यह थीम भारत को आत्मनिर्भर और विश्वस्तरीय विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करती है। क्योंकि प्रवासी भारतीय आज वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण और विशिष्ट शक्ति बन गया है, जो हर क्षेत्र में एक ऊजार्वान और आत्मविश्वासी समुदाय के रूप में विकसित होकर भारत का गौरव बढ़ा रहा है और विभिन्न देशों में उच्च पदों पर स्थापित होकर विश्व मामलों में शानदार योगदान दे रहा है। प्रवासी भारतीयों ने असाधारण समर्पण, प्रतिभा कौशल, लगन और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन करते हुए कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति, खेल, व्यवसाय, शिक्षा, फिल्म परोपकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट बनने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है। दुनिया में सर्वाधिक प्रवासी भारतीय हैं। वर्तमान में खाड़ी देशों में लगभग 8.5 मिलियन भारतीय रहते हैं जो दुनिया में प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4 मिलियन भारतीय हैं। यहाँ मैक्सिको के बाद भारतीयों की दूसरी सबसे अधिक आबादी है। इसके अतिरिक्त कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, मॉरीशस, श्रीलंका, सिंगापुर, नेपाल सहित अन्य देशों में प्रवासी भारतीयों की बड़ी आबादी रहती है। विदेशों में रहते हुए भी प्रवासी भारतीय अपने देश, अपनी माटी, अपनी संस्कृति एवं अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। आज की तारीख में भारतीय नई शक्ति के तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा चुके हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक पैसा भारतीयों ने अपने देश भेजा है। विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चला है कि 2024 में भारत को प्रवासी भारतीयों से 129 बिलियन डॉलर का धन मिला है। यह अब तक का सबसे ज्यादा है। भारत की विकास गाथा लिखने के साथ परोपकारी कार्य करने के लिए प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रवासी भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के कारण ही साझा पहचान मिली है। उनकी सफलता का श्रेय उनकी परम्परागत सोच, सांस्कृतिक मूल्य, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतिभा को दिया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर सूचना तकनीक के क्षेत्र में क्रांति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रवासी भारतीयों की ताकत को देखते हुए और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए 2002 में एनडीए की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने हर वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाने का निर्णय किया था। नौकरी, उद्योग, व्यापार और दूसरे कई कारणों से अपना देश छोड़कर दूसरे देशों में रहने वालों में भारतीयों की आबादी दुनिया में सर्वाधिक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय वहां की सरकारों में मंत्री और सांसद तो निर्वाचित हुए ही हैं बल्कि नीति निर्धारक विभागों में उच्च पदों पर आसीन हैं। भारतीयों की खासियत है कि वे जिस भी देश में गए उन्होंने वहां की संस्कृति और संविधान को आत्मसात कर लिया। वहां के व्यापार, उद्योग, चिकित्सा क्षेत्र आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भले ही प्रवासी भारतीयों ने वहां का सब कुछ आत्मसात कर लिया है लेकिन वह भारत माता की माटी की सुगन्ध को नहीं भूले। उनकी रगों में भारत की संस्कृति एवं संस्कार रचे-बसे हैं। प्रवासी भारतीयों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता एक वास्तविकता बन सकती है। भारत ने नवंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी की पुनर्नियुक्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र में दो-तिहाई मत हासिल कर अपने राजनयिक प्रभाव का प्रदर्शन किया। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई हैं। दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने-अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे हैं। साथ ही ये विश्व मंच पर भारत के हितों के हिमायती भी हैं और हरसंभव तरीके से भारत के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, दुनिया के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हरित महाकुंभ में जुटेंगे 1000 से ज्यादा पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता

**एजेंसी। महाकुम्भनगर**

महाकुम्भ प्रयागराज संस्कृति और आध्यात्म के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश प्रसारित कर रहा है। यहां 31 जनवरी को हरित महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर से 1000 से ज्यादा पर्यावरण और जल संरक्षण कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के 'ज्ञान महाकुम्भ - 2081' के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत यह विशिष्ट कार्यक्रम प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ज्ञान महाकुंभ के मुख्य संरक्षक हैं। हरित महाकुम्भ के अंतर्गत प्रकृति, पर्यावरण, जल समेत स्वच्छता से संबंधित मसलों पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होगी। प्रकृति के पांच तत्वों के संतुलन और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर विशेषज्ञ अपनी राय और अनुभव साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त महाकुम्भ में आ रहे लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और इस संबंध में चलाए जा रहे अभियान को लेकर भी चर्चा होगी। पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता राम बाबू तिवारी ने बताया कि हरित महाकुंभ को लेकर तैयारी चल रही है। इसमें देश भर के पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ता और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। महाकुंभ में हिस्सा लेने आ रहे श्रद्धालुओं को किस तरह पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के अभियान से जोड़ा जाए, इस पर भी व्यापक चर्चा और विमर्श किया जाएगा। वहीं, योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियों, जनप्रतिनिधि से लेकर शहर के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली। महाकुंभ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छ रथ यात्रा निकाली गई। मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को लेकर स्वच्छता रथ निकाला गया है।



## महाकुंभ में स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार करे भ्रमण जरूरत हो तो लोगों का उपचार कराए : सीएम योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में सीएम योगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। इस समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करें और लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए।

## प्रयागराज जाने से पहले महाकुंभ एप जरूर डाउनलोड कर लें

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** जिला आपदा विभाग ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि प्रयागराज जाने से पहले महाकुंभ एप जरूर डाउनलोड कर लें। यदि तीर्थयात्रियों की उम्र 60 साल से ज्यादा है या कोई बीमारी है, तो यात्रा से पहले अपनी सेहत की जांच जरूर करा लें। पहले से बीमार व्यक्ति डॉक्टर से परामर्श लेकर ही जाएं। जरूरी दवाएं व डॉक्टर का नंबर साथ रखें। आयुष्मान कार्ड धारक हैं, तो कार्ड साथ में रखें, ताकि आपात स्थित में आयुष्मान योजना के तहत इलाज हो सके। एडवाइजरी कहा गया है कि महाकुंभ में पैदल अधिक चलना पड़ सकता है, तो पानी का स्तर बनाए रखने के लिए ओआरएस का घोल पीते रहें। बच्चों, वृद्धजनों और गर्भवती महिलाओं को अकेले स्नान न करने दें। गहरे पानी में जाने से बचें। सिर दर्द होना, चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी आना, हाथ-पांव व होठों का नीला पड़ना, थकान होना, सास फूलना, खांसी होना अथवा अन्य लक्षण होने पर मेले में स्थापित स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। हीटर व अलाव आदि का इस्तेमाल टेंट के अंदर न करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112 और आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क करें।

- महाकुंभ हेल्पलाइन - 1920
- पुलिस हेल्पलाइन - 112
- आपदा हेल्पलाइन - 1077
- श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए जारी की गई एडवाइजरी

## ज्योतिष शास्त्र कहता है मकर संक्रांति पर खुलते हैं बंद किस्मत के दरवाजे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




जब सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो हिन्दू पर्व मकर संक्रांति मनाया जाता है। 2025 में 14 जनवरी को पवित्र दिवस मनाया जा रहा है। इस त्योहार को देश के सभी राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। इसे 'खिचड़ी' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चावल, उड़द और तिल दान का विशेष महत्व रहता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है। मतलब यह कि इस दिन से सूर्य उत्तर दिशा की ओर बढ़ना शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति में दान का क्या महत्व है, इस बारे में आईएएनएस ने ज्योतिष और वास्तु शास्त्र विशेषज्ञ गायत्री शर्मा से बात की। उन्होंने बताया, 'मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को बनाई जाएगी। मकर संक्रांति बनाने का विशेष कारण होता है कि सूर्य धनु राशि से मकर राशि में जाता है। सूर्य उत्तरायण की ओर चलना शुरू हो जाता है। विशेष रूप से मकर संक्रांति पूरे भारत में ही मनाई जाती है। इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। एक दिन पहले पंजाब में लोहड़ी मनाई जाती है। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में खिचड़ी नाम लोकप्रिय है, तो दक्षिण भारत में इसे पोंगल नाम से मनाया जाता है। दान के महत्व पर बात करते हुए गायत्री शर्मा ने कहा, ''इसमें दान का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति वाले दिन लोग दान, उपवास, स्नान और अनुष्ठान करते हैं। सब अलग-अलग चीजें दान करते हैं और इस दिन शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। मकर संक्रांति में विशेष रूप से मिठाई, खिचड़ी, खाने की सामग्री और कपड़े भी दान किए जाते हैं। इसके साथ ही उत्तर भारत में सर्दी के मौसम में खाई जाने वाली चीजें गजक, मूंगफली तक भी दान में दी जाती हैं। शर्मा के मुताबिक ''लोग मंदिरों में जाकर दान करते हैं। अपने घर की बेटियों को भी ऐसे में कुछ दिया जा सकता है। ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है। अनुष्ठान किए जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य करने से बंद किस्मत के दरवाजे तक खुल सकते हैं।

# एचएमपीवी : केंद्र ने राज्यों से कहा श्वसन संबंधी बीमारियों पर रखें नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र ने मंगलवार को राज्यों से देश में श्वसन संबंधी बीमारियों पर निगरानी की समीक्षा करने को कहा है। देश में अब तक कर्नाटक (2), गुजरात (1) और तमिलनाडु (2) से एचएमपीवी के सात मामले सामने आए हैं। सभी मामले 3 महीने से लेकर 13 साल की उम्र के छोटे बच्चों में पाए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने वर्चुअल मोड में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, "राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) निगरानी को मजबूत करना चाहिए और इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि आमतौर पर सर्दियों के महीनों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि देखी जाती है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, "देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार है। श्रीवास्तव ने कहा, "एचएमपीवी से जनता को परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह बैठक भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और चीन में एचएमपीवी मामलों में उछाल की रिपोर्ट के बाद रखी गई थी। इसके साथ ही इस बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में सचिव (डीएचआर) डॉ. राजीव बहल, डीजीएचएस डॉ. (प्रो.) अतुल गोयल, राज्यों के स्वास्थ्य सचिव और अधिकारी, एनसीडीसी, आईडीएसपी, आईसीएमआर, एनआईवी और आईडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीवास्तव ने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, "देश में कहीं भी आईएलआई/एसएआरआई मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। श्रीवास्तव ने राज्यों को वायरस के संक्रमण की रोकथाम के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की भी सलाह दी है।



जारी की गई सलाह में साबुन से बार-बार हाथ धोना, बिना धुले हाथों से अपनी आंखें, नाक या मुंह को छूने से बचना, ऐसे लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना जिनमें बीमारी के लक्षण दिख रहे हों। इसके साथ ही खांसते और छींकते समय मुंह और नाक को ढकना जैसी बातें कही गई हैं। एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में संक्रमण का कारण बन सकता है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का और स्व-सीमित स्थिति वाला होता है और अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं।

## नागपुर में दो बच्चों में एचएमपीवी की पुष्टि मामलों की संख्या हुई सात

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नागपुर में दो बच्चों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) की पुष्टि हुई है, जिससे मंगलवार को देश में कुल मामलों की संख्या 7 हो गई। नागपुर में दो मामले सात वर्षीय और 13 वर्षीय बच्चे के हैं।

शुरू में बच्चों को एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) से संक्रमित होने का संदेह था, लेकिन बाद में पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) परीक्षणों ने एचएमपीवी की पुष्टि की। नागपुर में मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने बताया कि दोनों बच्चे आउट पेशेंट देखभाल के माध्यम से ठीक हो गए। अन्य मामले कर्नाटक (2), गुजरात (1), तमिलनाडु (2) से थे। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की है। सरकार ने एचएमपीवी पर अपने नवीनतम अपडेट में कहा, "देश में श्वसन संबंधी बीमारियों में कोई उछाल नहीं है। ऐसे मामलों का पता लगाने के लिए मजबूत निगरानी की जा रही है। वहीं राज्यों को निवारक उपायों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई है। राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) निगरानी को मजबूत करने और समीक्षा करने की भी सलाह दी गई है। इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि भारत का निगरानी नेटवर्क सतर्क बना हुआ है और देश किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौती का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, "चिंता करने की कोई बात नहीं है। हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकर के अनुसार, एचएमपीवी निश्चित रूप से जानलेवा नहीं है और आज तक मृत्यु दर या गंभीर संक्रमण दर का कोई सबूत नहीं है।

## बिहार में एचएमपीवी वायरस को मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर होंगे इंतजाम

**पटना।** चीन में फैले एचएमपीवी वायरस को बिहार में मात देने के लिए कोरोना की तर्ज पर इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के बाद सभी जिलों के जिलाधिकारियों, मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के प्राचार्य एवं अधीक्षक, सिविल सर्जनों को इस वायरस से बचाव के लिए कोरोना की तर्ज पर ही इंतजाम करने का निर्देश दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह एक श्वसन तंत्र से जुड़ा हुआ वायरस है। इसके संक्रमण से बचने के लिए कोई विशेष एंटी वायरल या वैक्सीन अबतक उपलब्ध नहीं है। विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा इन्फ्लूएंजा के समान बीमारी एवं सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी न्यूमोनिया (सारी) का सर्विलांस सुनिश्चित करते हुए इसको आईएचआईपी पोर्टल पर प्रतिदिन रिपोर्ट दी जाए। कोविड-19 से संबंधित दवा, किट, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, मास्क इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके ट्रेंड पर ध्यान रखने और इसके बढ़ने की स्थिति में सभी अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण गतिविधियों की सघन निगरानी करने को कहा गया है। अस्पताल में गंभीर रूप से भर्ती मामलों के सैंपल को राष्ट्रीय लैब में भेजकर जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं जिससे एचएमपीवी की लैब में पुष्टि हो सके। विभाग के अनुसार इसके लक्षणों में कफ, बुखार, नाक में संक्रमण, श्वास में परेशानी, गंभीर स्थिति में ब्रोंकाइटिस एवं न्यूमोनिया शामिल है। एचएमपीवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने अथवा छींकने से फैलता है।

## ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक आम इंफेक्शन है, डरने की जरूरत नहीं : विशेषज्ञ



**चंडीगढ़।** चीन में फैला ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) अब भारत में भी पैर पसार रहा है। देश के कई राज्यों में एचएमपीवी के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, एचएमपीवी को लेकर चंडीगढ़ पीजीआई की डॉ. पीवीएम लक्ष्मी ने मंगलवार को खास बातचीत की। उन्होंने कहा, "ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को लेकर लोगों में काफी डर है। मगर मैं यही कहूंगी कि इस वायरस से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ये आम इंफेक्शन वाला वायरस है। इस वायरस से संबंधित कुछ केस चीन में मिले हैं और इसी वजह से लोगों में डर का माहौल है। लेकिन, पीजीआई में पिछले साल भी कई केस मिले थे। यह वायरस खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों या कम इम्युनिटी वाले लोगों में ही गंभीर संक्रमण हो सकता है। अधिकतर लोगों में खांसी-जुकाम जैसा होता है, जो जल्द सही हो जाता है। इसको लेकर केंद्र सरकार की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। कहा गया है कि डरने की जरूरत नहीं है और राज्य सरकारें भी सतर्क रहें। डॉ. लक्ष्मी ने कहा, "सरकार ने कहा है कि अगर इस वायरस से संबंधित केस आते हैं तो उनके सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए लैब में भेजे जाएं। इसमें देखना यह होगा कि पिछले साल की तरह के केस बढ़ तो नहीं रहे हैं? इसमें ये भी देखा जाएगा कि वायरस में म्यूटेशन तो नहीं आ रहा है, जिससे वायरस आइसोलेशन करके सिक्वेंसिंग करने की कोशिश कर रहा हो? इन लक्षणों के साथ एडमिट होने वाले सभी मरीजों के सैंपल लेकर लैब में भेजे जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, "लोगों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें सतर्कता बरतनी है। खांसी-जुकाम वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें और ऐसे मरीज खुद ग्लव्स और मास्क पहनें। इसके अलावा भीड़भाड़ वाली जगह में अपनी सुरक्षा को लेकर मास्क पहन सकते हैं। वायरस के बढ़ने और घटने के लिए निगरानी जरूरी है, जिसके लिए हर राज्य में लैब्स भी मौजूद हैं। राज्यों को भी बताया गया है कि उनके राज्यों में लैब हैं, वहीं इसकी जांच की जाए। डॉक्टर ने बताया, "गंभीर केसों में ही सैंपल लेकर जांच की जाएगी और सामान्य मामलों में ऐसा नहीं किया जाएगा। कोविड के दौरान जिस तरह के प्रिकॉशन लिए गए थे, उसका पालन अब भी करना है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मोहन यादव सरकार का युवाओं पर फोकस, युवा शक्ति मिशन शुरू होगा



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का युवाओं पर खास फोकस है और इस वर्ग को सक्षम बनाने के साथ उनकी क्षमताओं का बेहतर उपयोग करना चाहती है। सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने का फैसला लिया है। मोहन यादव कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य सरकार ने युवाओं को नई दिशा देने, उनके कौशल का सही उपयोग करने, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इस दिशा में एक समेकित प्रयास करने का फैसला लिया है। इसमें तकनीकी शिक्षा विभाग, कौशल विकास, रोजगार विभाग एवं युवा कल्याण विभाग, अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेगे। स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस मिशन का मकसद युवाओं का सर्वांगीण विकास होगा, शिक्षा कौशल में आगे बढें. और वह रोजगार से कैसे जल्दी से जल्दी जुड़ें, इस दिशा में प्रयास होंगे। जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति के जरिए किया है। शिक्षा रोजगार देने वाली हो, इसी को ध्यान में रखकर मिशन की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगी। इसके लिए अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे। मिशन का सिर्फ युवाओं पर फोकस रहेगा। कुल मिलाकर युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाना मध्य प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। देश की युवा आबादी का जिक्र करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज दुनिया में भारत सबसे युवा देश है क्योंकि यहां की 27 प्रतिशत आबादी युवा है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी ऊर्जा का सदुपयोग करने के लिए मध्य प्रदेश एक मिशन की तरह ले रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी मंत्रियों से कहा है कि वह अपने विभाग में युवाओं को किस तरह से जोड़ सकते है, रोजगार दे सकें इसके लिए काम करें। राज्य में वर्तमान में अनुसूचित जाति व जनजाति के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सरकार ने अन्य वर्गों के गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को भी इसी तरह की सुविधा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे बताया कि किसानों की आय को दोगुना करने को लेकर मछली उत्पादन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में काम किया जाएगा। किसानों के साथ मिलकर दूध की पैकिंग से लेकर दूध की चिलिंग तक की प्रक्रिया के लिए काम किया जाएगा। कलेक्शन सेंटर की संख्या बढ़ाई जाएगी। प्रदेश के ब्रांड सांची को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगे। राज्य में 16वां वित्त आयोग आने वाला है।

## पटना में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर एसआई को लगी गोली

**पटना।** बिहार के पटना जिले के फुलवारी शरीफ इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों को मार गिराया गया जबकि एक सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्तौल भी बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लूटपाट के उद्देश्य से आठ- दस की संख्या में अपराधी फुलवारी शरीफ के हिंदुनी गांव में इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने दो से तीन थाना पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पटना पश्चिम के सिटी पुलिस अधीक्षक शरत आर एस ने बताया कि पिछले कई दिनों से डकैती और चोरी की घटनाएं हो रही थीं। डकैतों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया था। इसी बीच सोमवार की रात सूचना मिली कि हिंदूनी गांव में वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाश पहुंचने वाले हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम हिंदुनी गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एसआई विवेक कुमार को गोली लग गई। पुलिस ने भी अपराधियों को वार्निंग देते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अपराधियों को गोली लगी। गोली लगने वाले अपराधियों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा दरार वादी पार्टी, इसका इंसान के जीवन से कोई लेना देना नहीं : अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है। मैं सभी साधु-संतों और ऋषियों से प्रार्थना करता हूं कि जब वे यहां से जाएं, तो किसी साथी को भी साथ लेकर जाएं। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो उन कामों में लगे हैं, जो उन्हें नहीं करने चाहिए। इससे दोनों तरफ का काम प्रभावित हो रहा है। इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई।

# एएफसी एशियन कप (2027) 7 जनवरी से 5 फरवरी तक रियाद

- जेद्दा और अल खोबर में आयोजित किया जाएगा
- रियाद में कुल पांच स्टेडियम टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी करेंगे
- 2023 में 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए सऊदी अरब को मेजबान देश घोषित किया गया था।



**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** एएफसी ने मंगलवार को घोषणा की कि एएफसी एशियन कप 2027 सऊदी अरब के तीन शहरों - रियाद, जेद्दा और अल खोबर में 7 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रियाद में कुल पांच स्टेडियम टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी करेंगे; किंग फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम, किंग सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, इमाम मोहम्मद इब्न सऊद यूनिवर्सिटी स्टेडियम, किंगडम एरिना और अल शबाब स्टेडियम। जेद्दा के लिए दो स्टेडियमों की पुष्टि की गई है - किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी और प्रिंस अब्दुल्ला अल फैसल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम - अल खोबर में एक नया अत्याधुनिक स्थल बनाया जाएगा, जो एशिया की शीर्ष 24 राष्ट्रीय टीमों के लिए पृष्ठभूमि प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। 2023 में 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए सऊदी अरब को मेजबान देश घोषित किया गया था। यह पहली बार होगा जब सऊदी अरब इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ के प्रमुख यासर अल मिसेहल ने कहा, "एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए तारीखों की पुष्टि करना और स्टेडियमों का चयन करना टूर्नामेंट की मेजबानी करने की हमारी यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है। यह घोषणा केवल स्थानों और कार्यक्रमों की पहचान करने से परे है; यह हमारे और एएफसी के बीच चल रहे उच्च-स्तरीय सहयोग को दर्शाता है क्योंकि हम एक असाधारण टूर्नामेंट देने की दिशा में काम कर रहे हैं जो पूरे एशियाई महाद्वीप की आकांक्षाओं को पूरा करता है।"

# कमिंस, बुमराह, पैटरसन दिसंबर के पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित

1 बुमराह ने तीन टेस्टों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए।

2 कमिंस ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीत दिलाई




**दुबई,(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के स्टार सीमर डेन पैटरसन को आईसीसी दिसंबर 2024 के पुरुष खिलाड़ी के लिए नामित किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन पर थे, उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने अपनी टीम को भारत के खिलाफ 3-1 से सीरीज जीत दिलाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में स्थान सुरक्षित हो गया। तेज गेंदबाज ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एडिलेड में आया, जहां उन्होंने शानदार 5/57 गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 10 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण रन बनाए, जिसमें मेलबर्न में 49 और 41 रन की पारी शामिल है, जो ऑस्ट्रेलिया की जीत में निर्णायक साबित हुई। कमिंस के नेतृत्व और हरफनमौला योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला जीतने और जून 2025 में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर दिखाया कि वह दुनिया के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से क्यों हैं। भारत के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बावजूद, बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि उन्होंने दिसंबर में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीन टेस्टों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए । बुमराह की प्रतिभा ब्रिसबेन और मेलबर्न में पूरी तरह से देखने को मिली, जहां उन्होंने प्रत्येक टेस्ट में नौ विकेट लिए। उनके शानदार स्पैल ने भारत को प्रतिस्पर्धी बनाए रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिलाया। इसके अलावा, बुमराह के प्रयासों ने उन्हें किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा अब तक के सबसे अधिक आईसीसी टेस्ट प्लेयर रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद की। दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को डब्ल्यूटीसी25 फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# रोहित-कोहली का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर : गावस्कर

'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।

पूर्व भारतीय कप्तान




**एजेंसी**

**सिडनी।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है। गावस्कर ने एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, ''वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ।' डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जबकि भारत इसके फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। वह रविवार को समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को इस हार के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा। उसकी पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए। कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए, जबकि रोहित ने पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे।'

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।' गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा, 'जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे?' गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के जिन तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए उनमें रेड्डी भी शामिल थे। शतक लगाने वाले अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कोहली थे। उन्होंने कहा, 'नितीश कुमार रेड्डी में क्षमता देखने और उसे टेस्ट टीम में चुनने के लिए अजीत अगरकर और उनकी टीम को बधाई।'

## मैं ऑस्ट्रेलिया के ओपनर की दौड़ में बिल्कुल भी नहीं था: मैट रेनशॉ

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से जीतने और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया का अगला ध्यान इस महीने के अंत में दो टेस्ट के लिए श्रीलंका के दौरे पर होगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के संन्यास के बाद, ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के लिए उपयुक्त जोड़ीदार खोजने में संघर्ष करना पड़ा, जब तक कि सैम कोंस्टास नहीं आ गए, जिन्होंने भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट खेले और अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर अर्धशतक बनाया। भारत के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से पहले, मैट रेनशॉ, कैमरन बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, नाथन मैकस्वीनी और कोंस्टास को संभावित ओपनिंग विकल्पों के रूप में चर्चा में रखा गया था। हालांकि, केवल मैकस्वीनी और कोंस्टास को ही सीरीज में खेलने का मौका मिला।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ब्रेक लेंगे राहुल




**नई दिल्ली(हि.स.)।** बल्लेबाज के.एल. राहुल वडोदरा में होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट दौर में कर्नाटक की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले राहुल ब्रेक लेंगे। 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के लिए राहुल की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो दोनों ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे, वडोदरा में कर्नाटक के लिए खेलेंगे। पडिक्कल ने पर्थ में पहला टेस्ट खेला था, जबकि प्रसिद्ध को पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुलाया गया।

## हैदराबाद एफसी से तीन अंक जीतने उतरेगी एफसी गोवा



**फातोरदा (आईएएनएस)।** एफसी गोवा बुधवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेगी। गौर्स अपने आईएसएल इतिहास में हैदराबाद के खिलाफ लगातार चार क्लीन शीट के साथ जीत पाने उतरेंगे जो एक रिकॉर्ड होगा जबकि हैदराबाद एफसी इस प्रतिद्वंद्वी के हाथों लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। एफसी गोवा 13 मैचों में सात जीत, चार ड्रा और दो हार से 25 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। हैदराबाद एफसी 14 मैचों में दो जीत, दो ड्रा और 10 हार से आठ अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। एफसी गोवा ने लीग में अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार जीते हैं, जबकि हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले पांच मैचों में चार हारे हैं।

**गौर्स की फॉर्म**


गोल करने वाली टीमः गौर्स ने अपने पिछले 13 आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है और वे अब तक 27 गोल कर चुके हैं।

**रक्षात्मक सुदृढ़ताः** गौर्स रक्षात्मक रूप से मजबूत रहे हैं। इस सीजन में उन्होंने ओपन-प्ले के दौरान बॉक्स के अंदर से केवल आठ गोल खाए हैं।



# भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, एचएमपीवी का खत्म हुआ डर

- सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 पर बंद हुआ
- निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 पर बंद हुआ।
- निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 502.35 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,869.3 पर बंद हुआ




**सेक्टोरल फ्रंट पर ऑटो, आईटी और कंजम्पशन सेक्टर में रही गिरावट**

सेंसेक्स पैक में, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, सनफार्मा और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। वहीं, जोमैटो, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 6 जनवरी को 2,575.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे और घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,749.65 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जानकारों ने कहा, "जैसे-जैसे बाजार महत्वपूर्ण समर्थन और प्रतिरोध स्तरों के करीब पहुंच रहा है, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे मूल्य कार्रवाई पर बारीकी से नजर रखें और आने वाले सत्रों में सतर्क रुख अपनाएं।"

**मुंबई, (आईएएनएस)।** देश भर में निगरानी बढ़ने और एचएमपीवी के बारे में अधिक स्पष्टता आने के बाद, भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबार के अंत में मेटल, मीडिया, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 234.12 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,199.11 पर बंद हुआ और निफ्टी 91.85 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,707.90 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 280.15 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,202.15 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 502.35 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,869.3 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 248.20 अंक या 1.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,673.45 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,627 शेयर हरे और 1,356 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 103 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, एचएमपीवी को लेकर किसी तरह की बड़ी चिंता न पैदा होने से जुड़े सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच, घरेलू बाजार सोमवार की तेज बिकवाली से कुछ हद तक उबर गया। लेकिन, भारत के वित्त वर्ष 2025 के जीडीपी के लिए महत्वपूर्ण अनुमानों से पहले, बाजार एक दायरे में कारोबार कर रहा था। जानकारों ने बताया, "आगामी परिणाम सत्र के दौरान आय सुधार के संकेतों की प्रतीक्षा में निकट भविष्य में बाजार के सतर्क रहने की उम्मीद है। साथ ही एफआईआई की चल रही बिकवाली से भी निपटना होगा, जो डॉलर के मजबूत होने, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और आगे ब्याज दरों में कटौती की कम उम्मीदों से प्रेरित है।"

## मुंबई में 2024 में ऑफिस लीजिंग और आवासीय बिक्री में जबरदस्त उछाल

**मुंबई(आईएएनएस)।** ऑफिस लीजिंग और आवासीय मांग को लेकर मुंबई में पिछले साल सभी महानगरों में ऐतिहासिक उछाल देखने को मिला। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार प्रीमियम हाउसिंग और ट्रांसफोर्मेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की निरंतर मांग के कारण यह तेजी देखी गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी में 2024 में ऑफिस ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में ऐतिहासिक उछाल दर्ज करते हुए 10.4 मिलियन वर्ग फीट तक पहुंच गया, जो 2023 में 7.4 मिलियन वर्ग फीट से 40 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 2024 की दूसरी छमाही में, मुंबई में कुल 4.6 मिलियन वर्ग फीट ऑफिस स्पेस ट्रांजैक्शन देखा गया, जो 9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मुंबई में सबसे ज्यादा लेन-देन भारत-केंद्रित व्यवसायों द्वारा किए गए, जिसने 2024 में कुल हिस्सेदारी में लगभग 77 प्रतिशत का योगदान दिया। 2024 में, मुंबई में 5.8 मिलियन वर्ग फीट नए ऑफ़िस सप्लाई की वृद्धि देखी गई, जो 2023 की तुलना में साल-दर-साल 89 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के विरल देसाई के अनुसार, "बढ़ते आर्थिक माहौल, बढ़ती फिजिकल ऑक्यूपेंसी और इंफ्रास्ट्रक्चर की उन्नति के कारण ऑक्यूपायर सेंटीमेंट मजबूत बना रहा।" रिल देसाई ने कहा, "बीकेसी मेट्रो जैसी प्रमुख मेट्रो लाइनों की शुरूआत ने पहुंच को बढ़ाया है।

# एलपीजी कनेक्शन की संख्या पिछले 10 साल में दोगुनी होकर 32.83 करोड़ हुई



- 2014 में 14.52 करोड़ थी।
- पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 222 करोड़ एलपीजी रिफिल दिए जा चुके हैं
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश में घरेलू एलपीजी कनेक्शन की संख्या बीते 10 सालों में (1 नवंबर, 2024 तक) दोगुनी से अधिक बढ़कर 32.83 करोड़ हो गई है, जो कि 2014 में 14.52 करोड़ थी। यह जानकारी पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय द्वारा मंगलवार को दी गई। मंत्रालय द्वारा आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीब परिवारों को सब्सिडी वाली कीमत पर रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक पीएमयूवाई परिवारों को लगभग 222 करोड़ एलपीजी रिफिल दिए जा चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 13 लाख रिफिल लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है। बयान में कहा गया कि सरकार के प्रयासों से उज्ज्वला परिवारों द्वारा एलपीजी की खपत में वृद्धि हुई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की प्रति व्यक्ति खपत 2019-20 में 3.01 से बढ़कर 2023-24 में 3.95 हो गई है। अक्टूबर 2024 तक प्रति व्यक्ति खपत बढ़कर 4.34 हो गई है। बयान में आगे कहा गया कि 2014 से अब तक एलपीजी वितरकों की संख्या 13,896 से बढ़कर 1 नवंबर 2024 तक 25,532 हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की उपलब्धता में वृद्धि हुई है। 90 प्रतिशत से अधिक नए वितरक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा प्रदान कर रहे हैं।इसके अलावा देश में पिछले 10 वर्षों में नेचुरल गैस की पाइपलाइन नेटवर्क में भी बड़ा विस्तार हुआ है। 2024 में इसकी लंबाई बढ़कर 24,945 किलोमीटर की हो गई है, जो कि 2014 में 15,340 किलोमीटर थी। इसके अलावा 10,805 किलोमीटर की नेचुरल गैस पाइपलाइन का निर्माण चल रहा है। इन पाइपलाइनों के पूरा होने से राष्ट्रीय गैस ग्रिड पूरा हो जाएगी और इससे भारत में सभी प्रमुख मांग और आपूर्ति केंद्रों जुड़ जाएंगे ।

और सभी क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगा तीन अरब डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड में दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 3 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ, सत्या नडेला ने मंगलवार को कहा कि इस निवेश का उद्देश्य देश में एआई इनोवेशन को बढ़ाना है। यह निवेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन (विकसित भारत 2047) में बड़ी भूमिका निभएगा। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की है। कंपनी ने अब तक सिविल सर्वेंट, कॉलेज के छात्रों और विकलांग लोगों सहित 24 लाख भारतीयों को एआई कौशल के साथ सशक्त बनाया है। नडेला ने कहा, "भारत तेजी से एआई इनोवेशन में लीडर बन रहा है। इससे देश के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल में जिस निवेश की घोषणा कर रहे हैं, वह भारत को एआई-प्रमुख बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि देश भर के लोगों और संगठनों को व्यापक लाभ मिले।" सोमवार को पीएम मोदी ने नडेला से मुलाकात की थी और कहा कि उन्हें देश में माइक्रोसॉफ्ट की महत्वाकांक्षी विस्तार और निवेश योजनाओं के बारे में जानकर खुशी हुई। एक इवेंट में माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च लैब ने 'एआई इनोवेशन नेटवर्क' लॉन्च किया, जो रिसर्च से रियल, जरूरी व्यावसायिक समाधानों में बदलाव को गति देने के लिए डिजाइन की गई एक अभूतपूर्व पहल है। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट और सासबूमी ने भारत के एआई और सास इकोसिस्टम को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए साझेदारी की है।

## असम में कोयला खदान हादसा, 10 मजदूर बचाए गए, 11 अभी भी फंसे

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्य के उमरंगसू इलाके के कलामाटी में कोयला खदान में फंसे 10 मजदूरों को जिंदा बचा लिया गया है। खदान में अभी 11 मजदूरों के फंसे होने की सूचना है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), भारतीय सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और असम राइफल्स के जवान खदान में फंसे इन मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान चला रहे हैं। इसी बीच प्रशासन नेअब खदान में फंसे 11 में से 9 मजदूरों की शिनाख्त कर ली है। असम के पहाड़ी जिला डिमा हसाओ के उमरांग्सू से 25 किमी दूर असम-मेघालय के सीमावर्ती इलाके में सोमवार की सुबह एक कोयला खदान में पानी भर जाने से कई मजदूर फंस गए थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की प्रथम वाहिनी के जवान बचाव अभियान में जुट गया। बचाव कार्य में एनडीआरएफ, सेना के इंजीनियर टास्क फोर्स और भारतीय सेना के जवान भी जुटे हैं। बताया गया है कि सहायता के लिए विशाखापत्तनम से नौसेना के गहरे गोताखोरों को बुलाया गया है।

## अमृतसर में पांच किलो हेरोइन के साथ चार तस्कर किए गए गिरफ्तार

**अमृतसर (आईएएनएस)।** नशे के खिलाफ अपनी मुहिम में पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में शामिल 4 तस्करों की गिरफ्तारी की है। साथ ही, उनके पास से 5 किलो हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक महिला तस्कर भी शामिल है। इस बारे में पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने बताया, अमृतसर में पुलिस कमिश्नर को बड़ी सफलता मिली है। 5 किलो हीरोइन के साथ चार प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला तस्कर भी शामिल है। यह लोग एक पुराने नेटवर्क का हिस्सा थे, जो पाकिस्तान के स्मगलरों से जुड़ा हुआ था और यह ड्रोन के जरिए कंसाइनमेंट्स की तस्करी कर रहे थे।

## कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने स्वयं को मारी गोली, मौत

**कटरा (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने मंगलवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था। दरअसल, मृतक जवान का नाम राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की प्रधानमंत्री

**ओटावा (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री



जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफ के बाद से उनके उत्तराधिकारी को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। खबरों के अनुसार भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद पीएम पद की एक मजबूत दावेदार हैं। बता दें जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों अब दिवंगत हो चुके हैं) भारतीय फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं - गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और शोधकर्ता हैं।

## प्रवासी भारतीयों ने किए भगवान जगन्नाथ के दर्शन

# भारत विविधताओं से भरा देश है : डॉ स्नेहा सोनी

**पुरी (आईएएनएस)**









ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पहली बार भारतीय प्रवासी दिवस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन में प्रवासी भारतीयों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। तीर्थ स्थल पुरी में भी प्रवासी भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। प्रवासी भारतीयों ने आभार व्यक्त करते हुए इसे दिव्य सौभाग्य बताया। ओडिशा सरकार ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए 31 पर्यटक स्थलों का दौरा करा रही है। इसमें जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, रामचंडी, रघुराजपुर के विरासत गांव, सतपदा और ओडिशा के ब्लू फ्लैग समुद्र तटों जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा शामिल है। लंदन से आई एक प्रतिनिधि डॉ स्नेहा सोनी ने निमंत्रण के लिए ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिदा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां हर राज्य अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं पेश करता है। ओडिशा कला, विरासत और पर्यटन की संभावनाओं का खजाना है। हम इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लंदन से आए एक प्रवासी भारतीय कपल ने भी भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा, मैं इंग्लैंड में डॉक्टर हूं और प्रैक्टिस करता हूं। हम ब्रिस्टल सिटी में रहते हैं। मैं और मेरी पत्नी यहां आए हैं। हमारा एयरपोर्ट से ही शानदार स्वागत किया गया। मैं ओडिशा सरकार को इतनी सुंदर व्यवस्था करने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम आज जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पुरी आए थे। यह 1900 साल पुराना प्राचीन मंदिरों में से एक है। और, मैं मंदिर की सुंदरता देखकर चकित था। उन्होंने आगे कहा, हमने स्थानीय पुलिस अधिकारियों की देखरेख में बहुत ही सुंदर दर्शन किए। मुझे लगा कि यह भारत में एक सुंदर राज्य है। मैं मूल रूप से असम से हूं, और मैंने भारत के कई राज्यों का दौरा किया है। और, समुद्र के किनारे खूबसूरत राज्यों में से एक ओडिशा का पुरी एक और खूबसूरत जगह है। भुवनेश्वर एक और खूबसूरत जगह है। मैं यहां की सुंदर व्यवस्था के लिए मुख्य तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकता। यह बेहद ही अद्भुत और खास तरह का अनुभव था। मैं इसे अपने जीवन में हमेशा संजोकर रखूंगा। ओडिशा की सुंदरता की सराहना करते हुए, प्रतिनिधियों ने पुरी में स्वच्छ समुद्र तटों की आवश्यकता पर ध्यान दिलाया और सभी से पर्यावरण को बनाए रखने की अपील की। भारतीय प्रवासी दिवस सम्मेलन का आयोजन 8 से 10 जनवरी के बीच भुवनेश्वर में किया जा रहा है।

- प्रवासियों ने पुरी आने को दिव्य सौभाग्य बताया


### ओडिशा पहली बार कर रहा है प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन

यह पहली बार है जब ओडिशा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, इस कदम से राज्य की वैश्विक छवि को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रतिनिधियों का मानना है कि यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करेगा और रोजगार के अवसर पैदा करेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने भारतपोल पोर्टल किया लांच

# अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ना होगा आसान : शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)**



**बोले मंत्री**

- अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की हुई शुरुआत
- भारतीय एजेंसी व पुलिस इंटरपोल से आसानी से जुड़ सकेंगी

केंद्रीय गृह मंत्री मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतपोल पोर्टल को देश की अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक नए युग में जाने की शुरुआत बताते हुए कहा कि अब विदेश भाग चुके अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की प्रत्येक एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस इंटरपोल से जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 35 सीबीआई अधिकारियों, कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया।

भारत में अपराध कर विदेश भाग जाने वाले अपराधियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कई सारे अपराधियों ने दुनिया के अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में अपराध को अंजाम दिया है, या फिर अपराध करके विदेश में भाग गए हैं, जिसके कारण वह हमारे कानून की पहुंच से बाहर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब आधुनिक व्यवस्थाओं का उपयोग करके कानून की पहुंच से बाहर रहे विदेश में बैठे अपराधियों और भारत में अपराध करके विदेश भागे अपराधियों को भारतपोल के माध्यम से देश वापस लाना और उन पर कानूनी कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली में ट्रायल इन एब्सेंसिया (अनुपस्थिति में मुकदमा) का एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके माध्यम से एक न्यायिक प्रक्रिया के बाद इसको पूरा करके कोर्ट के आदेश के साथ उनकी अनुपस्थिति में इन पर ट्रायल चलाना सरल हो जाएगा। यदि उन्हें सजा मिलने पर विदेशों से भारत लाने में आसानी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत है। अभी तक सीबीआई एकमात्र एजेंसी थी, जो इंटरपोल के साथ काम करती थी। लेकिन, अब भारतपोल के शुभारंभ के साथ प्रत्येक भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल के साथ जुड़कर सटीक विश्लेषण और समन्वय से अपराधों से निपटने में सक्षम बनेगी। उन्होंने कहा कि हम अंतराल को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलतापूर्वक काम करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि भारतपोल में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक की मदद से हम इस अंतर को पाट सकेंगे। हमें कई ऐसी जानकारियां मिल सकेंगी, जो अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने में मदद करेंगी और बदले में हमें अपराधों को होने से पहले ही रोकने के लिए एक ढांचा स्थापित करने में मदद करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंसी तो बाद में सीबीआई ही रहेगी, लेकिन इस तकनीक के आधार पर खड़ी की गई व्यवस्था के माध्यम से सारी दूरियों को मिटा पाएंगे, ढेर सारी सूचनाओं को हम प्राप्त कर पाएंगे। इस तरह से सटीकता के साथ अनेक प्रकार के दुनिया के क्राइम को विश्लेषण करके हमारे यहां क्राइम होने से पहले उसे रोकने की संरचना भी खड़ी कर पाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल पोर्टल जांच एजेंसियों और हर राज्य की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। साथ ही, संवाद को सरल और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारतपोल पोर्टल के पांच प्रमुख मॉड्यूल हैं और यह सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता देंगे।

### अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक संभव होगी तेज पहुंच

**नई दिल्ली (हि.स.)।** गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल पोर्टल, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को वास्तविक समय में सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग तक तेजी से पहुंच संभव होगी। भारत में इंटरपोल के लिए राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) के रूप में सीबीआई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित देश भर की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आपराधिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की सुविधा प्रदान करती है। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर, यह समन्वय इंटरपोल संपर्क अधिकारियों (आईएलओ) के माध्यम से किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों के भीतर पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर इकाई अधिकारियों (यूओ) से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार मुख्य रुप से पत्रों, ईमेल और फैक्स पर निर्भर करता है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरपंथ, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों के बढ़ते प्रभाव के कारण आपराधिक जांच में तेजी से और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए सीबीआई ने भारतपोल पोर्टल विकसित किया है, जो इसकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सुलभ है, जो सभी हितधारकों को एक साझा मंच पर लाएगा।

## 'बाल सैनिक' के रूप में युद्ध लड़ने वाले बलदेव सिंह का निधन



- सेना में शामिल होकर पाकिस्तान से लड़े 4 युद्ध
- सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली (हि.स.)**

देश के बंटवारे के समय 1947-48 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में 'बाल सैनिक' के रूप में शामिल होने वाले योद्धा 93 वर्षीय हवलदार बलदेव सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर के जीओसी और सभी रैंक के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्र के लिए उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और 2021 में नरेंद्र मोदी ने उन्हें सम्मानित किया था। पाकिस्तान के खिलाफ चार युद्ध लड़ने वाले वयोवृद्ध सैनिक हवलदार (सेवानिवृत्त) बलदेव सिंह का 93 वर्ष की उम्र में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के गृहनगर नौशेरा में सोमवार को उनके आवास पर निधन हो गया। पाकिस्तान के साथ युद्ध के इस महान नायक का जन्म नौनिहाल गांव में 27 सितंबर, 1931 को हुआ था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने 1947-48 में नौशेरा और झंगर की लड़ाई के दौरान 50 पैरा ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व में बाल सेना बल में शामिल होकर स्वेच्छा से काम किया था। बाल सेना 12 से 16 वर्ष की आयु के स्थानीय लड़कों का एक समूह था, जो पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारतीय सेना के लिए 'डिस्पैच रनर' के रूप में काम करता था।

## सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे बाइडेन : ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति बन जाएंगे, लेकिन प्रेसिडेंट जो बाइडेन के खिलाफ उनके तल्ख तेवर कायम हैं। अब उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन पर सत्ता हस्तांतरण को कठिन बनाने का आरोप लगाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी



आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, बाइडेन इस बदलाव को जितना संभव हो सके, उतना मुश्किल बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं।

## दिल्ली विस चुनाव की घोषणा करने के बाद सीईसी राजीव कुमार ने ईवीएम पर कहा

# नहीं की जा सकती है ईवीएम से छेड़छाड़

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के दौरान ही ईवीएम को लेकर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यकाल खत्म होने का संकेत दिया। चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुछ खास तरह की चिंताएं थीं, जिसे राजनीतिक दलों ने उठाई थीं। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जोड़े और हटाए गए। यह भी दावा किया गया कि कुछ समूहों को निशाना बनाया गया और उनके नाम हटा दिए गए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, हर गांव में हर पोलिंग स्टेशन पर जो भी ड्राफ्ट रोल है, उसकी कॉपी पब्लिश की जाती है। बिना पर्सनल हियरिंग के नाम नहीं कट सकता है। दो प्रतिशत से ज्यादा के नाम कटने से एआरओ व आरओ जाकर खुद चेक करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर बोलते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, ईवीएम पर सारे जवाब देने के बाद भी कहा गया कि इसे मैनिपुलेट किया जा सकता है। वोटर टर्न आउट 5 बजे के बाद बढ़ जाता है। कई इलाकों में वोटर बढ़ गए। उन्होंने आगे कहा कि काउंटिंग में मिसमैच हो गया, कहीं कम गिन लिए, कहीं ज्यादा गिन लिए गए। सभी सवालों का जवाब आज देंगे।

चुनाव आयुक्त ने कहा, चुनाव से पहले नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील की जाती है। जिस दिन पोलिंग डे होता है, उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं, कौन आया कौन गया।

किसमें कितने वोट पड़े, इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है। फॉर्म 17-सी से मिलान होता है। उसके बाद बाद पांच रेंडमली सिलेक्टेड वीवीपैट की गिनती भी की जाती है। सारी चीजों को बहुत बार चैलेंज किया गया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईवीएम रद्द नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है। ईवीएम की कमीशनिंग चुनाव के 7-8 दिन पहले की जाती है। उसके बाद उम्मीदवार की नजर से ओझल ही नहीं होती।

### मतदान के पहले

- कमीशनिंग में प्रतीक लोड किया जाता है।
- 5% रैंडमली चुनी गई ईवीएम पर 1000 वोट का मॉक पोल।
- बैटरी लगाई जाती है और सील की जाती है।
- ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाती है।
- मतदान के दिन ईवीएम का वितरण होता है।

### मतदान के दिन

- मतदान से पहले मॉक पोल होता है।
- मतदान केंद्र के अंदर पोलिंग एजेंट्स रहते हैं।
- मतदान समाप्त होने पर मशीनों को सील किया जाता है।
- डाले गए वोटों का ब्यौरा 17з में पोलिंग एजेंट्स को देना।
- मतदान केंद्रों से स्ट्रांग रूम तक ईवीएम का स्थानांतरण होता है।
- स्ट्रॉन्ग रूम को सील किया जाता है। निरंतर सीसीटीवी से निगरानी होती है।

### मतगणना के दिन

- ईवीएम को काउंटिंग सेंटर तक ले जाया जाता है।
- कंट्रोल यूनिट की सील की जांच होती है।
- ईवीएम और 17-सी (भाग-1) में दर्ज वोटों का मिलान होता है।
- प्रति विधानसभा क्षेत्र (एसी/एएस) 5 रैंडमली चयनित वीवीपैट का सत्यापन होता है।

### संवैधानिक अदालत के 42 बार निर्णय

- ईवीएम हैक नहीं हो सकती।
- इसमें अविश्वसनीयता या किसी कमी का कोई प्रमाण नहीं।
- ईवीएम में वायरस या बग डालने का कोई सवाल नहीं।
- ईवीएम में अवैध वोट का कोई सवाल नहीं।
- धांधली संभव नहीं।
- ट्रॉजन हॉर्स एक्टिवेट कर परिणाम बदलने का कोई सवाल नहीं।
- अदालत को प्रस्तुत प्रमाण से यह विश्वास होता है कि ईवीएम छेड़छाड़-रोधी हैं।
- ईवीएम परिणामों की गणना के लिए पूर्णत: भरोसेमंद उपकरण हैं।
- छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं।

### ईवीएम के बारे में न्यायालय

- आविष्कार निस्संदेह एक महान उपलब्धि और राष्ट्रीय गौरव है।
- वीवीपैट प्रणाली के साथ ईवीएम मतदान प्रणाली की सटीकता सुनिश्चित करती है।
- चुनाव आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं।
- संवैधानिक निकाय की छवि और प्रतिष्ठा को कम करना स्वीकार्य नहीं है।

### पेपर बैलट प्रणाली

- पुरानी पेपर बैलट प्रणाली पर लौटना अनुचित और प्रतिगामी है।
- चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारने का उद्देश्य है।
- निर्वाचकों के मन में अनावश्यक संदेह पैदा करता है, जबकि इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है।

## लोग 'हमारे काम की राजनीति' में विश्वास जताएंगे : केजरीवाल





- नड्डा ने जनता से कहा, 'विकसित दिल्ली' बनाने वाली सरकार चुनें
- कांग्रेस ने कहा, दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करें

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में काम और गाली की राजनीति के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत झोंक देने को कहा। उन्होंने कहा कि लोग 'हमारी काम की राजनीति' में विश्वास जताएंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने तथा लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को सुनिश्चित करने में इसकी अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा, मैं यहां की जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करता हूं। इधर, कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद कहा कि वह और उसके प्रत्याशी पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि लोगों को यह अहसास करने के साथ मतदान करना चाहिए कि 'आप' व भाजपा ने दिल्ली को कितना नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने कहा, कांग्रेस, उसके प्रत्याशी चुनाव के लिए तैयार हैं। हम तारीख की घोषणा का स्वागत करते हैं। मैं लोगों से चुनाव में वोट करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा, लोगों को दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करना चाहिए, उन्हें अच्छी सरकार चुननी चाहिए, उन्हें इस बात का एहसास होना चाहिए कि केंद्र में भाजपा व दिल्ली में आप के शासन से उन्हें कितना नुकसान पहुंचाया है।

इधर, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव हो जाने के बाद 15 फरवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उसके बाद वह अपने को चार-पांच माह हिमालय में जाकर ध्यान आदि करते हुए अपने को डिटॉक्सिफाई करेंगे।

## आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की।

## इंडोनेशिया को 'ब्रिक्स' में मिली एंट्री, बना 11वां देश

**साओ पाउलो।** दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के औपचारिक समूह 'ब्रिक्स' का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया की ब्रिक्स समूह में एंट्री हो गई है। इसी के साथ इंडोनेशिया ब्रिक्स का हिस्सा बनने वाला 11वां देश बन गया है। समूह के मौजूदा अध्यक्ष ब्राजील ने मंगलवार को ऐलान किया कि इंडोनेशिया ब्रिक्स समूह का पूर्ण सदस्य बन गया है। ब्राजील ने कहा कि 2023 में जोहांसबर्ग शिखर सम्मेलन में ब्लॉक के सदस्यों ने इंडोनेशिया की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।